रोहतक
गुरुवार, 3 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 62
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 34.1
न्यून. 14.2

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,617.44 | 592.93 ▲ |
| निफ्टी | 23,332.35 | 166.65 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी/मंदी |
|---|---|---|
| सोना | 94,150 /- | - |
| चांदी | 1,01,500/- | 1000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 85.52 | 0.02 ▲ |
| क्रूड ऑयल | 74.40/ बैरल | 0.12% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## आईपीएल में आज



कोलकाता
V/S
हैदराबाद
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
कोलकाता

## खबर संक्षेप

### पूनम गुप्ता रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर नियुक्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रतिष्ठित शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता को तीन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। माइकल देबव्रत पात्रा के जनवरी में पद छोड़ने के बाद आरबीआई में डिप्टी गवर्नर का पद खाली हो गया था। भाषा

### रामनवमी से पहले तैयार हो जाएगा राम मंदिर

**नई दिल्ली।** अयोध्या। 6 अप्रैल को रामनवमी मनाई जाएगी। इससे पहले बुधवार को मंदिर के 5 शिखरों का प्रतिष्ठा पूजन हुआ। राम मंदिर के पुरोहित आचार्य दुर्गा प्रसाद ने विधि-विधान से पूजा कराई। कलश पूजन के मुख्य यजमान श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास रहे। उन्होंने शिखर पूजन किया। शिखर लगने के बाद उस पर स्वर्ण कलश स्थापित किए जाएंगे। भाषा

### गुजरात में फाइटर जेट क्रैश, पायलट की मौत

**जामनगर।** एयरफोर्स का जगुआर फाइटर जेट रात 9.30 पर जामनगर में क्रैश हो गया। इसने एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरी थी। हादसे में एक पायलट की मौत हो गई, एक गंभीर घायल है। उड़ान भरने के बाद जेट जामनगर सिटी से करीब 12 किमी दूर सुवरदा गांव में एक खुले मैदान में क्रैश हो गया। एक पायलट तो निकलने में कामयाब रहा लेकिन दूसरा नहीं निकल पाया। क्रैश के बाद प्लेन के टुकड़े-टुकड़े हो गए और आग लग गई। एयरफोर्स की टीम जांच में जुटी। *एजेंसी*

## वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पास, पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े

# यह कानून संसद का है, इसे सभी को स्वीकार करना ही होगा : अमित शाह

### आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा बिल, विपक्ष के विरोध के बावजूद पास होना तय

**वोट बैंक के लिए अल्पसंख्यकों को डराने का काम किया जा रहा**

**रिजिजू बोले - वक्फ के खौफ से आजादी चाहते हैं भारत के लोग**

**टीडीपी, जदयू और लोजपा ने किया बिल का समर्थन**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 लंबी बहस के बाद बुधवार देर रात करीब 1.30 बजे लोकसभा से पास हो गया। बिल के समर्थन में 288 और विरोध में 232 वोट पड़े। अब यह गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया जाएग। विपक्ष के विरोध के बावजूद बिल का पास होना तय है। इससे पहले करीब 12 घंटे तक बिल पर तीखी बहस हुई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह वक्फ पर प्रस्तावित कानून नहीं मानने की धमकी दे रहा, लेकिन यह संसद द्वारा पारित किया गया कानून होगा और इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए यह डर फैलाया जा रहा है कि वक्फ विधेयक मुसलमानों के धार्मिक मामलों और उनके द्वारा दान की गई संपत्तियों में दखल है। उन्होंने कहा, ''(विपक्षी दल के) एक सदस्य ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय इसे स्वीकार नहीं करेगा। यह क्या धमकी है...यह संसद का कानून है, सबको स्वीकार करना पड़ेगा। यह भारत सरकार का कानून है, हरेक के लिए बाध्यकारी है, इसे स्वीकार करना पड़ेगा।'' *(संबंधित खबर पेज 7 पर)*



### मुस्लिम भाइयों को होगा फायदा

शाह ने दावा किया कि विधेयक के कानून का रूप लेने के चार साल के अंदर मुस्लिम भाइयों को पता चल जाएगा कि यह कानून उनके फायदे में हैं। उन्होंने द्रमुक सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि विधेयक का विरोध कर वे दक्षिण (भारत) के सासंद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में मौजूद सारे चर्च को नाराज कर रहे हैं।' संशोधन विधेयक का उद्देश्य औने-पौने दाम पर सौ साल के लिए जमीन किराये पर देने वाले लोगों को पकड़ना है। यह पैसा जो चोरी होता है उसे पकड़ने का काम वक्फ बोर्ड करेगा। यह सब जो मिलीभगत चल रही है, अब नहीं चलेगी।

### क्या है वक्फ संशोधन बिल

- 1950 के दशक में वक्फ संपत्तियों की देखरेख के लिए कानूनी तौर पर एक संस्था बनाने की जरूरत महसूस हुई।
- 1954 में वक्फ एक्ट के नाम पर कानून बनाकर सेंट्रल वक्फ आफ काउंसिल का प्रावधान किया गया।
- 1955 में इस कानून में बदलाव करके हर राज्य में वक्फ बोर्ड बनाए जाने की शुरुआत हुई।
- अभी देश भर में करीब 32 वक्फ बोर्ड है, यह वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन और रखरखाव करते हैं।
- 1995 में नया वक्फ कानून बनाया गया, 2013 में संशोधन करके सेक्शन 40 जोड़ी गई। अब नया संशोधन इसी सेक्शन 40 में बदलाव को लेकर है।

### बिल का विरोध क्यों

- राज्य सरकार वक्फ बोर्ड में दो गैर मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति कर सकेगी।
- कोई गैर मुस्लिम भी बोर्ड का सीईओ बन सकता है।
- कानून बनने के छह महीने में वक्फ संपत्ति को केंद्रीय डेटाबेस पर पंजीकृत करवाना होगा।
- जिला कलेक्टर तय कर सकेगा कि विवादित संपत्ति वक्फ की है या नहीं?
- ट्रिब्यूनल का निर्णय अंतिम होने का प्रावधान हटने को लेकर हो रहा विरोध।
- वक्फ बाय यूजर का प्रावधान हटना।

### एक करोड़ सुझाव आए

शाह ने दावा किया कि करीब एक करोड़ सुझाव देशभर से प्राप्त हुए, उसकी मीमांसा कर यह विधेयक तैयार किया गया। शाह ने कांग्रेस नीत पूर्ववर्ती संप्रग सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वक्फ अधिनियम में 2013 में जो संशाधन लाये गये थे, यदि यह नहीं किया गया होता तो इस संशोधन विधेयक को लाने की जरूरत नहीं पड़ती।

### रिजिजू बोले-बिल प्रॉपर्टी छीनने का कानून नहीं

बिल पर चर्चा में रिजिजू ने 58 मिनट अपनी बात रखी। रिजिजू ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल प्रॉपर्टी छीनने का कानून नहीं है। रिजिजू ने कहा- अगर हमने आज यह संशोधन बिल पेश नहीं किया होता, तो जिस इमारत में हम बैठे हैं, उस पर भी वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा सकता था। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सत्ता में नहीं आती तो कई अन्य संपत्तियां भी गैर-अधिसूचित हो गई होतीं।

### ओवैसी ने फाड़ा बिल

एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में संसद की कार्यवाही के दौरान बिल की प्रति को फाड़ दिया और संसद से बाहर चले गए।

### देशभर में आंदोलन करेंगे : लॉ बोर्ड

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि अगर यह बिल संसद में पास हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। हम शांतिपूर्ण आंदोलन चलाएंगे।'

## फरीदाबाद में सनसनीखेज वारदात

# सूटकेस में मिली महिला की सिर कटी लाश



- अर्धनग्न हालत में थी, पैर बंधे हुए
- पुलिस बोली- चाकू से गला काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सूटकेस में महिला की अर्धनग्न लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मवई इलाके में सूटकेस में सिर्फ महिला का धड़ मिला, सिर गायब था। उसके पांव बंधे हुए थे। पुलिस के मुताबिक चाकू से महिला का गला काटा गया। इसके बाद लाश को लाल रंग के सूटकेस में पैक कर फेंक दिया गया। राहगीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल में भेज दिया। अभी तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है। महिला अविवाहित लग रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### बदबू आने पर खुलासा

दोपहर 2:30 बजे मवई इलाके में राजबीर नाम का व्यक्ति साइकिल पर काम पर जा रहा था। उसे वहां से गुजरते समय बदबू महसूस हुई। उसने देखा कि सूटकेस पड़ा हुआ है, जिस पर मक्खियों का जमावड़ा था। उसने इसकी जानकारी होमगार्ड जसवीर को दी। जसवीर ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब सूटकेस को खोला तो उसके अंदर एक बोरा था। बोरे में एक अर्धनग्न महिला का धड़ था। वहीं धड़ से सिर गायब था।

### गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली पुलिस के साथ संपर्क साधा

फरीदाबाद पुलिस ने गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली में भी पुलिस से संपर्क साधा है। पिछले कुछ दिनों में थानों में आईं महिलाओं की गुमशुदगी की शिकायतों के बारे में जानकारी जुटा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हर पहलू पर पुलिस जांच कर रही है। इलाके में वारदात के बाद से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद ली है।

### 25 से 30 साल उम्र

मृतक युवती की आयु लगभग 25 से 30 साल बताई जा रही है। बरामद शब्द का सिर काटकर पहले प्लास्टिक के बोरे में बांधा गया है। उसके बाद इस प्लास्टिक के बोरे को एक सूटकेस में रखकर यहां फेंका गया है, जो अर्धनग्न अवस्था और गली-सड़ी हालत में पाया गया है। वहीं अंदेशा लगाया जा रहा है की लाश 6 से 7 दिन पुरानी हो सकती है। पुलिस के मुताबिक, आस पास के इलाकों की पुलिस से संपर्क साधा जा रहा है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**अंगदान को बढ़ावा देने के लिए केंद्र का फैसला सरकारी डॉक्टर से लेनी होगी मंजूरी**

# अंगदान करने पर मिलेगा 42 दिन का आकस्मिक अवकाश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अंगदान के लिए अधिकतम 42 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश मिल सकेगा। सरकार ने बुधवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि, भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को अंगदान करने के लिए अधिकतम 42 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश तय किया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से 2023 में जारी आदेश के अनुसार, जब इस प्रावधान की घोषणा की गई थी, दानकर्ता के अंग को निकालने के लिए सर्जरी के अनुसार, सरकारी पंजीकृत चिकित्सक या डॉक्टर की सिफारिश के आधार पर अधिकतम 42 दिन विशेष आकस्मिक अवकाश देने की बात तय हुई थी। मंत्री ने बताया कि विशेष आकस्मिक अवकाश सामान्यतः अस्पताल में भर्ती होने के दिन से एक बार में लिया सकता है। आदेश के अनुसार, आवश्यकता पड़ने पर सरकारी पंजीकृत चिकित्सक या डॉक्टर की सिफारिश पर सर्जरी से अधिकतम एक सप्ताह पहले इसका लाभ उठाया जा सकता है।

**विशेष आकस्मिक अवकाश सामान्यतः अस्पताल में भर्ती होने के दिन से एक बार में लिया सकेगा**

## मध्यप्रदेश के मंडला में मुठभेड़, 14 14 लाख की दो महिला नक्सली ढेर

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गई हैं। मुठभेड़ बुधवार सुबह करीब 6 बजे बिछिया थाना क्षेत्र के मुंडिदादर और गन्हेरिदादर के जंगल में हुई। सर्चिंग के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट और अन्य जरूरत का सामान मिला है। पुलिस के मुताबिक, मारी गई नक्सलियों में से एक छत्तीसगढ़ और दूसरी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की रहने वाली है। दोनों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम घोषित था। **इन की हुई मौत :** प्रमिला उर्फ मासे मंडावी (29) निवासी पालीगुडेम गांव थाना चिंतलनार, सुकमा छत्तीसगढ़। ममता उर्फ रामबाई मण्डावी (29) निवासी मुरकुड़ी थाना कोरची जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र। इससे पहले 19 फरवरी को बालाघाट के गढ़ी थाना इलाके में हुई मुठभेड़ में चार महिला नक्सली मारी गई थी।

**एक छत्तीसगढ़ और दूसरी गढ़चिरौली जिले की रहने वाली**

## घुसपैठ की कोशिश : पाकिस्तानी सेना ने पुंछ में किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**जम्मू (भाषा)।** पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बारूदी सुरंग में विस्फोट के बाद बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय सेना ने संघर्ष विराम उल्लंघन का ''प्रभावी ढंग से'' जवाब दिया और एलओसी पर स्थिति नियंत्रण में है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह घटना मंगलवार अपराह्न एक बजकर 10 मिनट की है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से किसी के हताहत होने का कोई जिक्र नहीं किया जबकि आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विस्फोट और उसके बाद दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी में दुश्मन सेना के पांच जवान घायल हो गए। जम्मू स्थित सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने एक बयान में कहा, ''एक अप्रैल कृष्णा घाटी सेक्टर में बारूदी सुरंग में उस समय विस्फोट हुआ जब पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर गश्त कर रही थी।

**दुश्मन सेना के पांच जवान घायल, दिया मुंह तोड़ जवाब**

**दौरा** बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और भूटान के नेता भी करेंगे शिरकत

*समुद्री सहयोग बढ़ाने पर रहेगा विशेष जोर*

# आज थाईलैंड के दौरे पर जाएंगे मोदी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

भाषा ▶▶| बैंकॉक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचेंगे। इस दौरान वह थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ वार्ता करेंगे और छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी का थाईलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा भव्य स्वागत होगा। वह 'गवर्नमेंट हाउस' में शिनावात्रा से मिलेंगे, जहां उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा। बृहस्पतिवार की शाम को प्रधानमंत्री मोदी समुद्री सहयोग पर समझौते के लिए बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) नेताओं के साथ शामिल होंगे। इस सम्मेलन में थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और भूटान के नेता शिरकत करेंगे।



**भारतीय समुदाय द्वारा किया जाएगा भव्य स्वागत, म्यांमार के सम्मेलन में शामिल होने पर संशय**

### ओली से होगी भेंट

बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में मोदी की भेंट नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस सहित अन्य नेताओं से होगी। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि म्यांमा के सैन्य जुंटा नेता मिन आंग ह्लाइंग शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे या नहीं। म्यांमा में पिछले सप्ताह आए भीषण भूकंप से देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले और अन्य हिस्सों में भीषण तबाही हुई। यह 2018 में नेपाल के काठमांडू में चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के बाद बिम्सटेक नेताओं की प्रत्यक्ष रूप से पहली बैठक होगी।

### थाईलैंड के राजा से भी मिलेंगे

पिछला शिखर सम्मेलन मार्च 2022 में कोलंबो में वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रारूप में आयोजित किया गया था। मोदी शुक्रवार को थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न (जिन्हें रामा दसवें के नाम से भी जाना जाता है) और रानी सुथिदा से भी मुलाकात करेंगे। मोदी और थाईलैंड की प्रधानमंत्री शिनावात्रा वाट फो का दौरा करेंगे।



# ऐक्सिस बैंक ऐलनाबाद शाखा मैनेजर सहित अन्य कर्मियों पर धोखाधड़ी का केस

सिरसा। जिला के गांव धोलपालिया निवासी एक छात्र के दस्तावेज इस्तेमाल कर ऐलनाबाद स्थित एक्सिस बैंक के कर्मचारियों ने मिलीभगत कर उसके खाते में लाखों रुपए की ट्रांजेक्शन कर डाली। पुलिस को दी शिकायत में श्रवण ने बताया कि वह पढ़ाई करता है। उसने बताया कि नरेंद्र उसके गांव का स्थाई निवासी है, जो एक्सिस बैंक में नौकरी करता है। बीती 3 सितंबर 2024 को वह उसके घर पर आया और उससे एक्सिस बैंक में खाता खुलवाने का आग्रह किया। इसके लिए उसने आधार कार्ड मांगा और कहा कि खाता खुल जाएगा तथ एटीएम कार्ड, खाता बुक, चैक बुक भी घर आ जाएगी। इससे उसका खाता खोलने का टारगेट पूरा हो जाएगा। श्रवण ने बताया कि उसने विश्वास पर अपना आधार कार्ड उसे दे दिया। इसके बाद उसे खाते संबंधी कोई किट प्राप्त नहीं हुई। उसने बताया कि जब उसने नरेंद्र से इस बाबत पूछा तो उसने कहा कि किट घर आ जाएगी। अधिक समय बीत जाने के बाद जब श्रवण ने बैंक में जागर खाते बाबत बैंक में पता किया तो पता चला कि उसके खाते में अत्याधिक गैरकानूनी ट्रांजेक्शन हुई हैं। इतनी ट्रांजेक्शन देख उसके होश उड़ गए। जब उसने बैंक से अपने खाते की अकाउंट स्टेटमेंट मांगी तो बैंक कर्मचारियों ने अकाउंट स्टेटमेंट देने से मना कर दिया और कहा कि अकाउंट स्टेटमेंट मैनेजर देगा। उस समय मैनेजर छुट्टियों पर गांव गया हुआ था। उसने इस संबंध में नरेंद्र से बात की तो उसने बताया कि उसने बैंक अकाउंट में अपना मोबाइल नंबर देकर नेटबैंकिंग चला रखी है। उसने विश्वास दिलाया कि वह अकॉउंट स्टेटमेंट, किट बीती 15 मार्च से 17 मार्च तक दे देगा। लेकिन उसने आधी अधूरी अकाउंट स्टेटमेंट निकाल कर दे दी। जब उसने अकाउंट स्टेटमेंट देखी तो पता चला की उसके अकॉउंट में फर्जी मोबाइल नंबर, फर्जी मेल आईडी लगा कर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की गई।

■ खाते से की लाखों रुपये की ट्रांजेक्शन खाता धारक को पता तक नहीं

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उम्र तकरीबन 13 साल है। यह बच्चा पालम विहार गुरुग्राम पुलिस सैक्टर 21 में लावारिस घूम रहा था। दीप आश्रम गुरुग्राम से बाल कल्याण समिति गुरुयाम ने दिनांक 19-12-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया । यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 15 साल है। यह बच्चा मैन बाजार गढ़ी सांपला में लावारिस हालत में घूम रहा था। गढ़ी सांपला पुलिस द्वारा दिनांक 26-07-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उम्र तकरीबन 14 साल है। यह बच्चा दीप आश्रम राजीव नगर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम से मिला है। बाल कल्याण समिति गुरुग्राम ने दिनांक 19-12-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 12 साल है। यह बच्चा गाँव पिल्लूखेड़ा में लावारिस हालत में घूम रहा था। पिल्लूखेड़ा पुलिस द्वारा दिनांक 19-03-2024 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उम्र तकरीबन 15 साल है। यह बच्चा गुरुग्राम सैंटर 53 में लावारिस हालत में घूम रहा था। सैक्टर 53 गुरुग्राम पुलिस द्वारा दिनांक 03-08-2024 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 10 साल है। यह बच्चा दीप आश्रम राजीव नगर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम से मिला है। बाल कल्याण समिति गुरुग्राम ने दिनांक 19-12-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 12 साल है। यह बच्चा NH-48 फौजी ढाबा के पास लावारिस हालत में घूम रहा था। गुरुग्राम पुलिस द्वारा दिनांक 25-03-2023 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उम्र तकरीबन 15 साल है। यह बच्चा दीप आश्रम राजीव नगर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम से मिला है। दीप आश्रम गुरुग्राम से बाल कल्याण समिति गुरुग्राम ने दिनांक 19-12-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 15 साल है। यह बच्चा जन सेवा संस्थान के पास भिवानी रोड रोहतक पर लावारिस हालत में घूम रहा था। जन सेवा संस्थान द्वारा दिनांक 22-04-2021 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 7 साल है। यह बच्चा NH-9 नजदीक आरती कंपनी के पास लावारिस हालत में घूम रहा था। आसौदा पुलिस थाना द्वारा दिनांक 10-03-2023 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 12 साल है। यह बच्चा दीप आश्रम राजीव नगर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम से मिला है। बाल कल्याण समिति गुरुग्राम ने दिनांक 19-12-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उम्र तकरीबन 5 साल है। यह बच्चा PGI रोहतक मेडिकल द्वारा दिनांक 25-02-2015 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता । अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 9 साल है। बच्चा जन सेवा संस्थान, अनाथ आश्रम भिवानी रोड, रोहतक के पास लावारिस हालत में घूम रहा था। बहु अकबरपुर पुलिस रोहतक द्वारा दिनांक 20-03-2024 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया । यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उम्र तकरीबन 13 साल है। यह बच्चा दीप आश्रम राजीव नगर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम से मिला है। बाल कल्याण समिति गुरुग्राम ने दिनांक 19-12-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 15 साल है। यह बच्चा PGI रोहतक मेडिकल द्वारा दिनांक 10-07-2023 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया । यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 14 साल है। यह बच्चा दीप आश्रम राजीव नगर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम से मिला है। बाल कल्याण समिति गुरुग्राम ने दिनांक 19-12-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 14 साल है। यह बच्चा दीप आश्रम राजीव नगर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम से मिला है। बाल कल्याण समिति गुरुग्राम ने दिनांक 19-12-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता । अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 12 साल है। यह बच्चा यमुनानगर बाल कुंज छिछरौली से बाल कल्याण समिति यमुनानगर द्वारा दिनांक 12-10-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता । अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उम्र तकरीबन 14 साल है। यह बच्चा मारुति कुंज थाना भोंडसी के पास लावारिस हालत में घूम रहा था। गुरुग्राम पुलिस थाना भोंडसी द्वारा दिनांक 13-02-2025 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 14 साल है। यह बच्चा रोहतक शहर में लावारिस हालत में घूम रहा था। पुलिस थाना URBAN ESTATE रोहतक द्वारा दिनांक 09-01-2025 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 15 साल है। यह बच्चा गाँव महराणा, झज्जर पर लावारिस हालत में घूम रहा था। SI राजवंती Crime Branch रोहतक द्वारा दिनांक 30-07-2020 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 10 साल है। यह बच्चा गाँव डोभरोहतक रोड पर लावारिस हालत में घूम रहा था। अमरजीत निवासी गाँव चमनपुरा पुलिस द्वारा दिनांक 17-10-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्चा उस तकरीबन 17 साल है। यह बच्चा गाँव मोखरा में लावारिस हालत में घूम रहा था। बहु अकबरपुर पुलिस द्वारा दिनांक 10-08-2022 को बाल कल्याण समिति रोहतक के समक्ष पेश किया गया। यह बच्चा अभी हाल में जन सेवा संस्थान रोहतक में रह रहा है।

अगर इस बच्चे के माता पिता / अभिभावक इस सूचना को पढ़ रह रहे हैं या इस बारे में किसी अन्य सूत्रों से पता चलता है तो इस विषय में 15 दिनों के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय रोहतक में संपर्क कर सकते है अन्यथा इस मामले में बच्चे को गोद देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ।



कार्यालय का पता :-
जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमरा नं० 216, 218
दूसरी मंजिल विकास भवन रोहतक
संपर्क सूत्र - 01262-252920

पीआरडीएच- 1225/11/101/2026/33539/88/6 दि. 02.04.25




## खबर संक्षेप

### बिजली दरों में बढ़ोतरी जनविरोधी : पूनिया

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय किसान सभा ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी की कड़ी आलोचना करते हुए इसे मेहनतकश जनता पर नया बोझ करार देते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की है। किसान सभा उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया ने यहां प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि बिजली की दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी के साथ ही प्रति किलोवाट के हिसाब से 50 रुपए फिक्स चार्ज भी लगाया गया है, जिसका कोई भी कारण नहीं बताया गया है और न ही इसका कोई औचित्य बनता है।

### छह महीने में 6300 किमी सड़कों की रिपेयरिंग होगी

**चंडीगढ़।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा की सड़कों की मरम्मत के लिए विभाग ने खास योजना बनाई है। अगले 6 महीनों में इस पर विशेष कार्रवाई होगी , साथ ही प्रदेश की सड़कों के जाल को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि आमजन के लिए बेहतर और सुगम सफर हो सके। रणबीर गंगवा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्यूडी) के अंतर्गत आने वाली करीबन 6300 किलोमीटर सड़कों की रिपेयरिंग का कार्य इस अवधि के दौरान करने का एक्शन प्लान बनाया है। बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि आगामी 6 महीने के अंदर-अंदर सड़कों की मरम्मत करवाएंगे।

### विस चुनावों से पहले सियासी आकाओं पर दबाव बनाकर किया जुगाड़

# भारी पड़ेगा पीपीपी कार्ड में आय कम दिखा बीपीएल श्रेणी में शामिल होना, कटेंगे कार्ड

- राजधानी से सटे पंचकूला में नहीं चल सका फर्जीवाड़ा, इसलिए सबसे कम बने बीपीएल कार्ड
- इस बार बजट सत्र में भी खूब जमकर गूंजा बीपीएल कार्डों के फर्जीवाड़े का मामला, विपक्ष ने भी आंकड़े देकर जताई थी हैरानी, अब चलेगी काटने की मुहिम

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनावों से ठीक पहले अपने सियासी आकाओं और अफसरों, कर्मियों पर दबाव बनाकर बीपीएल श्रेणी में शामिल होने वाले परिवारों को इसके लाभ से वंचित होना पड़ेगा साथ ही शिकंजा भी कसा जाएगा। खास बात यह है कि इस बार के बजट सत्र के दौरान उक्त मुद्दा जमकर उछला था, विपक्ष की ओर से भी एकाएक चौकाने वाले आंकड़े और बीपीएल परिवारों को लेकर सवाल खड़े किए गए थे। इस दौरान खुद मुख्यमंत्री और मंत्री ने आश्वासन दिया था कि फर्जीवाड़े की जांच कर गलत लोगों के कार्ड काट दिए जाएंगे। अब इस क्रम में कैंची चलने की शुरुआत हो गई है। सूबे की नायब सैनी सरकार ने फर्जी बीपीएल कार्ड वाले लोगों के विरुद्ध मुहिम की शुरुआत कर दी है। इस क्रम में सबसे पहले उन परिवारों को मौका दिया जा रहा है, जो गलत तरीके से और गलती से बीपीएल की श्रेणी में शामिल हुए हैं। राज्य सरकार और आला अफसरों ने इस तरह के परिवारों को 20 अप्रैल तक की समय सीमा निर्धारित कर खुद ही गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल श्रेणी) से बाहर हो जाने की अपील की है। खास बात यह है कि मामले में फर्जीवाड़े की बू और पीपीपी में छेड़छाड़ व गलत आय बताने वाले लोग खुद बा खुद इस श्रेणी में शामिल हो गए थे। गत एक माह के दौरान प्रदेश में 1609 परिवारों के कार्ड रद्द भी कर दिए गए थे।

#### 20 अप्रैल से पहले खुद नाम हटवा लें, नहीं तो कार्रवाई



राज्य सरकार और आला अफसरों द्वारा चेतावनी दिए जाने व केस जैसी कार्रवाई अमल में लाने की बात से इस तरह के लोगों की नींद हराम हो गई है। 20 अप्रैल तक की समय सीमा दिए जाने के बाद से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। अब आला अफसरों का कहना है कि सरकार की कार्रवाई में पकड़े गए तो, उनके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि 20 अप्रैल की समय सीमा से पहले पहले जो परिवार खुद ही बीपीएल श्रेणी से खुद को बाहर कर लेंगे उनको, कार्रवाई से मुक्त रखा जाएगा। साथ ही यह भी साथ में साफ कर दिया गया है कि इस तरह के परिवारों से बीपीएल के तहत लिए गए लाभ की वसूली भी होगी।

#### इस कारण भी घटी आय

बिजली बिलों और आय कम दिखाने के चक्कर में संयुक्त परिवारों ने भी अपने परिवारों का कागजी बंटवारा कर लिया है। जबकि वे एक ही छत के नीचे रह रहे हैं लेकिन उन्होंने कार्ड पति पत्नी व बच्चों के नाम से बनवा लिए। कई लोगों ने बच्चों की अलग यूनिट दिखाई है, जो बालिक व युवा हैं। जबकि बच्चे साथ में रह रहे हैं। इस तरह से युवाओं की आय अलग हो गई और बुर्जुर्गों की आय कम हुई। जिसके कारण वे बीपीएल में शामिल हो गए।

#### फीस कर रही खुलासा

संयुक्त परिवारों को अलग अलग कागजी दिखाने, उन घरों के बिजली बिल भारी भरकम आने, बच्चों की स्कूल की फीस भी अच्छी खासी होने के कारण इस तरह के परिवारों को अब बीपीएल श्रेणी से खुद ही अपने नाम कटवाने की कवायद में जुटना पड़ गया है। चुनावों से पहले दबाव बनाकर यह काम कराना उनके लिए अब सिरदर्द भरा हो गया है। 52 लाख के करीब पहुंचा आंकड़ा अब आने वाले वक्त में कार्ड कटने के बाद काफी नीचे जाने के आसार हैं।

#### विस सत्र में उठा मुद्दा

हाल ही में समाप्त हुए हरियाणा विस के बजट सत्र के दौरान बीपीएल कार्डों को लेकर विपक्ष ने मुद्दा बना लिया था, हर रोज ही प्रश्नकाल और शून्यकाल में पूरा मामला जोर-शोर से विपक्ष ने उठाया। साथ ही अच्छे खासे परिवारों के यह कार्ड बन जाने पर हैरानी जताई। कांग्रेस की ओर से तो वरिष्ठ सदस्य ने इनकी प्रदेश में बड़ी संख्या को लेकर भी सवाल उठाए थे। उनका कहना था कि प्रति व्यक्ति आय, प्रदेश के विकास के दावे गलत हैं।

#### अब तक 1609 बाहर

1,609 परिवारों को गत दिनों बीपीएल श्रेणी से बाहर किया गया और आने वाले दिनों में इसी तरह की मुहिम जारी रहेगी। बताया जा रहा है कि पंचकला चंडीगढ़ से लगते जिले में सबसे कम बीपीएल राशन कार्ड हैं। जबकि सोनीपत सहित कई जिले इस तरह के हैं, जहां पर गलत आंकड़े व आय बताकर यह कार्ड बनवा लिए गए। काफी परिवारों ने कई कारणों से आय कम दिखाई।

## जनता की सेवा करना ही भाजपा सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री सैनी

- डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर हिसार एयरपोर्ट व यमुनानगर में 800 मेगावाट की यूनिट की आधारशिला रखेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



समालखा। भाजपा की कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को समालखा के गांव पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना केंद्र में भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए जानकारी दी कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हरियाणा को दो बड़ी सौगातें देंगे, जिसमें हिसार स्थित एयरपोर्ट का उद्घाटन होगा और यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली की यूनिट का शिलान्यास करेंगे। भाजपा द्वारा बुधवार को सेवा साधना केंद्र, पट्टीकल्याण, समालखा में प्रदेश प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने प्रस्तावना पढ़ी। इससे पहले द्वीप प्रज्ज्वलित कर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने पहले सत्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सीएम सैनी ने कहा कि पांच तारीख को रोहतक में प्रदेश के सभी मंत्रियों, विधायकों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित कर पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि 48 घंटे में उठान करवाना सुनिश्चित करें।

### बिजली महंगी कर हरियाणा के लोगों की जेब काटने में लगी भाजपा : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने बिजली की दरें बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले की निंदा करते हुए कहा कि राज्य में सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने एक भी नई यूनिट बिजली पैदा नहीं की। एक ओर दिल्ली में 300 यूनिट तक फ्री बिजली देने का संकल्प पत्र में वायदा किया हुआ है तो दूसरी ओर दरें बढ़ाकर हरियाणा की जनता की जेब काटने में लगी हुई है। सरकार को बढ़ी हुई दरों को वापस लेने के साथ-साथ जनहित में ईंधन एफएसए भी समाप्त कर देना चाहिए।

### भाजपा सरकार ने आम जनता की कमर तोड़ी : अभय सिंह चौटाला



**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने बिजली बिल, टोल टैक्स और कलेक्टर रेट की आड़ में स्टांप ड्यूटी के रेट बढ़ाने और एचकेआरएन के कर्मचारियों को नौकरी से बाहर निकालने पर कहा कि बीजेपी सरकार ने जनता की कमर तोड़ दी है। बीजेपी ने वादा किया था कि पांच साल से पहले एचकेआरएन कर्मचारी को नौकरी से नहीं निकालेंगे। लेकिन लगभग बारह सौ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

## युवा ऊर्जा से लबरेज दिखाई दिया विधान सभा का सदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

- युवा संवाद शुरू मंत्रियों के अंदाज में सवालों के जवाब देते नजर आए विद्यार्थी

हरियाणा विधानसभा का सदन बुधवार को युवा ऊर्जा से लबरेज दिखाई दिया। विधायकों के अंदाज में युवा विद्यार्थी सवालों की बौछार करते रहे, तो सत्तापक्ष की सीटों पर बैठे विद्यार्थी मंत्रियों के अंदाज में उनके प्रश्नों का जवाब देते नजर आए।

विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ.कृष्ण मिड्ढा उनका उत्साहवर्धन करते हुए मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। मौका था राजधानी युवा संसद की ओर से आयोजित हरियाणा युवा संवाद का। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम की वीरवार को विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण अध्यक्षता करेंगे। हरियाणा विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने 'हरियाणा युवा संवाद' को दूरदर्शी, विचारोत्तेजक और नवाचारी प्रयोग बताते हुए इसकी आयोजक संस्था राजधानी युवा संसद को बधाई दी। नवरात्रों के अवसर पर मां दुर्गा को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि विधान सभा का यह सदन कोई साधारण मंच नहीं है।

## प्रधानमंत्री से मिली स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की और हरियाणा में स्वास्थ्य परियोजनाओं से संबंधित चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना तथा कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी साथ थे। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से उन्होंने आशीर्वाद लिया और प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में सहयोग बढ़ाने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री को उन्होंने अवगत करवाया कि वर्ष 2015 में उन्होंने पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जो शुरुआत की गई थी, उस वक्त हरियाणा में लिंगानुपात 1000 लड़कों की तुलना में मात्र 871 था , लेकिन प्रधानमंत्री के आह्वान और हरियाणा सरकार के प्रयासों की बदौलत अब यह लिंगानुपात 910 तक पहुंच गया। मीडिया से बातचीत में आरती राव ने कानून बनाकर केंद्र सरकार द्वारा नए वक्फ बोर्ड में महिलाओं को शामिल करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा हो सकेगी। बताया कि अब वक्फ बोर्ड में शिया, सुन्नी और महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा।

### वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एचईआरसी का टैरिफ आर्डर

# बिजली महंगी, खपत पर देने होंगे ज्यादा पैसे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा में एचईआरसी ने बड़े ही तरीके से लोगों पर एक हाथ से वित्तीय बोझ डाल दिया है। वहीं दूसरे हाथ से थपकी भी दी है। विपक्ष ने रेट में वृद्धि होते ही आलोचना व हमले की मुहिम शुरू कर दी है। कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ नेता पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद सैलजा, सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला सभी ने एक सुर में भाजपा सरकार के इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा को वोट देने के बदले में सरकार ने लोगों को यह गिफ्ट दिया है। हरियाणा में बिजली उपभोक्ताओं को एक अप्रैल से झटका दिए जाने की तैयारी की जा रही थी क्योंकि हरियाणा की बिजली कंपनी बड़े घाटे में चल रहीं हैं। इस तरह से देर रात को बिजली दर में वृद्धि कर दी गई है। अब आने वाले वक्त में घर दुकानों में बिजली की खपत पर ज्यादा पैसे निगमों को अदा करने होंगे। हरियाणा की इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कंपनी एचईआरसी) ने बिजली के नए टैरिफ तय किए हैं।

#### प्रति किलोवाट 20-30 पैसे की बढ़त



बढ़ी दरों के अनुसार पिछले साल के मुकाबले प्रति किलोवाट 20-30 पैसे की बढ़त की है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एचईआरसी ने बिजली के दाम 20 पैसे बढ़ा दिए हैं। अब 0 से 50 यूनिट की स्लैब के लिए 2.20 रुपये प्रति किलोवाट देने होंगे। यह पहले 2 रुपये थे. ऐसे ही, 51 से 100 यूनिट के बीच बिजली खपत होने पर 2.50 रुपये की जगह 2.70 रुपये देने होंगे।

#### सौ यूनिट से ज्यादा की खपत पर इतने दाम


मंगलवार (1 अप्रैल) की आधी रात को हरियाणा विद्युत आयोग ने बिजली के नए टैरिफ की सूची जारी की गई। नए टैरिफ के अनुसार, 100 यूनिट से ज्यादा की खपत पर 0-150 यूनिट के लिए 2.95 रुपये प्रति किलोवाट आने वाले दिनों में देना होगा। वित्त वर्ष 2020-21 में श्रेणी-I के लिए टैरिफ 2.70 रुपये प्रति यूनिट से घटाकर 2 रुपये (0-50 यूनिट प्रति माह) किया था और 51 यूनिट से 100 यूनिट के बीच खपत के मामले में टैरिफ 4.50 रुपये प्रति यूनिट से घटाकर 2.50 रुपये प्रति यूनिट किया था, जो अब नए आदेश में 2.20 रुपये और 2.70 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित किया है। इसके अलावा, यह नया टैरिफ स्ट्रक्चर नए मासिक शुल्क के बोझ को खत्म करके परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करता है। दोभागीय टैरिफ व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें 300 यूनिट तक मासिक ऊर्जा खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं पर कोई निश्चित शुल्क नहीं लगाया जाएगा।

#### कैटेगरी-1 के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए

कैटेगरी-1 के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ अभी भी पड़ोसी राज्यों का अध्ययन किया जाए, तो सबसे कम बनता है। इस बीच, 151-300 यूनिट के स्लैब के लिए दर 5.25 रुपये प्रति किलोवाट घंटा है, 301 से 500 यूनिट तक यह 6.45 रुपये प्रति किलोवाट घंटा होगी और 500 यूनिट से अधिक की खपत के लिए यह दर 7.10 रुपये प्रति किलोवाट घंटा होगी। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता-केंद्रित बिजली टैरिफ आदेश की घोषणा कर दी है।

हरियाणा सरकार

निदेशालय, सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा



आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक, अम्बाला कैंट

'निविदा सम्बन्धी सूचना'


1857 की क्रान्ति की याद में वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने के लिए अम्बाला कैंट में (अम्बाला कैंट-दिल्ली) नेशनल हाईवे 44 पर ''आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक'' का निर्माण किया जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक बनाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होगा।

स्मारक के प्रथम तल पर 08 Food Court स्थित है। एक Food Court का Carpet Area 204.87 वर्ग फुट है तथा प्रत्येक Food Court के सामने 708 वर्ग फुट का ओपन एरिया उपलब्ध होगा।

विभाग द्वारा इन 08 Food Court को लीज पर देने हेतु https://etenders.hry.nic.in पर निविदा लगाकर बोलियां आमंत्रित की गई हैं, जिसकी अन्तिम तिथि 15 अप्रैल, 2025 सायं 4:00 बजे तक है। इस निविदा की ID-2025_HRY_433265_1 है तथा इसके दस्तावेज व अन्य शर्तें उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। अगर कोई बोलीदाता Food Court देखना चाहता है तो वह किसी भी दिन सायं 5:00 बजे से पहले देख सकता है।

पता: सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
एस.सी.ओ. नं. 200-201, सेक्टर-17 सी, चण्डीगढ़, फोन नं. 0172-5046246 ई-मेल: directorshaheedsamarak@gmail.com

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें



# पंत को भी राहुल जैसी फटकार, बीच मैदान लखनऊ के मालिक गोयनका भड़के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के 13वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को पंजाब किंग्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत भी बल्ले से फ्लॉप रहे और सीजन की अपनी दूसरी हार का सामना किया। इस मैच में मिली हार के बाद लखनऊ टीम के मालिक संजीव गोयनका और कप्तान ऋषभ पंत की तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।

तस्वीरों में देखकर ऐसा माना जा रहा है कि लखनऊ की हार के बाद गोयनका ने बीच मैदान पंत को फटकार लगाई। इन तस्वीरों को देखकर फैंस को आईपीएल के पिछले सीजन वाले दिन याद आ गए। जैसे संजीव गोयनका ने सरेआम केएल राहुल को डांट लगाई थी।




### पंत ने सिर झुकाए झेला गुस्सा

इस मैच के बाद सोशल मीडिया पर ऋषभ पंत और लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है, जिसे देखकर माना जा रहा है कि वह पंत की टीम और उनके खराब प्रदर्शन की वजह से भड़ास निकाल रहे हैं। वैसे संजीव के उंगली उठाने वाली तस्वीर के पीछे की वजह खुद पंत की फ्लॉप बल्लेबाजी हो सकती है। इस दौरान पंत सिर झुकाए गोयनका का गुस्सा झेल रहे थे।




### लखनऊ को मिली हार

लखनऊ को अपने होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम में मंगलवार को पंजाब किंग्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 171 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम ने 2 विकेट खोकर 16.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। पंजाब किंग्स ने सीजन की दूसरी जीत दर्ज की, जबकि लखनऊ की टीम को दूसरी हार मिली।

### राहुल को फटकार की यादें ताजा

सोशल मीडिया पर केएल राहुल और संजीव गोयनका की फोटो को देखकर फैंस खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। फैंस उस पल को याद कर रहे हैं जब पिछले आईपीएल सीजन संजीव गोयनका ने बीच मैदान राहुल को फटकार लगाई थी। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने राहुल को आईपीएल 2025 में रिलीज कर दिया था।

### पंत ने तीन मैचों में बनाए सिर्फ 17 रन

आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बने ऋषभ पंत, जिन्हें ऑक्शन 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। उनसे हर किसी को कुछ बड़ा करने की उम्मीद थी, लेकिन वह अब तक खेले गए दोनों मैचों में नाकाम रहे हैं। उन्होंने 3 मैचों में सिर्फ 17 रन बनाए हैं।

खास खबर

## अय्यर की पारी तीसरे गियर की रॉल्स रॉयस



**लखनऊ।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत में शानदार अर्धशतक जमाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर की तुलना 'तीसरे गियर में रॉल्स रॉयस' से की है। अय्यर ने लगातार दूसरा नाबाद अर्धशतक जमाते हुए 52 रन बनाए जिसके दम पर पंजाब ने 172 रन का लक्ष्य दो विकेट खोकर 16.2 ओवर में हासिल कर लिया। पोटिंग कहा, 'कप्तान ने फिर इसे आसान बना दिया। रॉल्स रॉयस अधिकांश समय तीसरे गियर में ही रही। इससे ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत नहीं है।'

### महिला राष्ट्रीय शिविर के कोर ग्रुप में 40 खिलाड़ी चयनित

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने यहां चल रहे राष्ट्रीय शिविर में पिछले दो सप्ताह के प्रदर्शन के आकलन के बाद कोर खिलाड़ियों का समूह 65 से 40 खिलाड़ियों का कर दिया। शिविर बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र पर 23 मार्च को शुरू हुआ था। इसमें 28 सीनियर खिलाड़ियों की जगह बरकरार है जबकि 12 नए खिलाड़ियों को 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय शिविर के पहले चरण में उनके प्रभावी प्रदर्शन के आधार पर चुना गया। गोलकीपिंग में सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी और माधुरी किंडो हैं।

### प्रभाकरन की नियुक्ति पर कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगा दी। यह रोक उस याचिका के आधार पर लगाई गई है जिसमें कहा गया है कि उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। अदालत ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस बीच प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगनी चाहिए।

### सैमसन रॉयल्स की कप्तानी के लिए तैयार

**बेंगलुरु।** संजू सैमसन को इंडियन प्रीमियर लीग में विकेटकीपिंग करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से मंजूरी मिल गई है और वह राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच फरवरी में खेली गई टी20 श्रृंखला के दौरान तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद पर सैमसन के दाहिने हाथ की बीच की उंगली पर चोट लग गई थी जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वह राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल में पहले तीन मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे तथा रियान पराग ने उनकी जगह कप्तानी का दायित्व संभाला था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |



| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| निकोलस पूरन | नूर अहमद |
| 189 रन | 09 विकेट |
| लखनऊ | चेन्नई |



### महासंघों के बीच टकराव खेलों के हित में नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने खेल महासंघों में भीतरी कलह और विवादों पर चिंता जताते हुए बुधवार को कहा कि ऐसा माहौल खेलों के लिए अच्छा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की अपील पर यह टिप्पणी की। बीएफआई ने उसकी चुनाव प्रक्रिया को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की थी।

# टाइटंस ने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी को आठ विकेट से हराया

17.5 ओवर में दो विकेट पर 170 रन बनाकर जीत हासिल की

भाषा ▶▶| बेंगलुरु

*मोहम्मद सिराज और साई किशोर की उम्दा गेंदबाजी के बाद जोस बटलर के तूफानी अर्धशतक से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ आठ विकेट की आसान जीत दर्ज की। आरसीबी के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने जोस बटलर की 39 गेंद में छह छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 73 रन की पारी के अलावा सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (49) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 75 और शेरफाइन रदरफोर्ड (नाबाद 30, 18 गेंद, तीन छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट की 63 रन की अटूट साझेदारी से 17.5 ओवर में दो विकेट पर 170 रन बनाकर जीत हासिल की। सिराज ने इससे पहले 19 रन देकर तीन जबकि किशोर ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे आरसीबी ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। लिविंगस्टोन ने 40 गेंद में पांच छक्कों और एक चौके से 54 रन की पारी खेलने के अलावा जितेश शर्मा (33) के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 और टिम डेविड (32) के साथ सातवें विकेट के लिए 46 रन जोड़कर आरसीबी का स्कोर आठ विकेट पर 169 रन तक पहुंचाया।*



### 42 रन पर चार विकेट गंवाए

*मेजबान टीम एक समय 42 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन लिविंगस्टोन और डेविड की पारी की बदौलत अंतिम पांच ओवर में 64 रन जोड़ने में सफल रही। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने पावर प्ले में कप्तान शुभमन गिल (14) का विकेट गंवाकर 42 रन बनाए। गिल को भुवनेश्वर कुमार (23 रन पर एक विकेट) ने लिविंगस्टोन के हाथों कैच कराया। सुदर्शन अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने जोश हेजलवुड की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। उन्होंने यश दयाल और रसिख सलाम की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। बटलर ने भी तेवर दिखाते हुए रसिख के ओवर में दो छक्के और एक चौका मारा।बटलर ने 12वें ओवर में कृणाल पंड्या का स्वागत छक्के के साथ किया जबकि सुदर्शन ने लगातार दो चौकों के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। सुदर्शन हालांकि अगले ओवर में हेजलवुड की गेंद पर विकेटकीपर जितेश को कैच दे बैठे। उन्होंने 36 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का मारा। रदरफोर्ड ने हेजलवुड पर चौके से खाता खोला और फिर कृणाल पर छक्का जड़ा। बटलर ने लिविंगस्टोन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 36 रन की दरकार थी और बटलर तथा रदरफोर्ड ने दो-दो छक्के जड़कर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।*

### न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 83 रन से रौंदकर जीती 3 मैचों की श्रृंखला



*हैमिल्टन। बेन सीयर्स के पांच विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 208 रन पर आउट करके दूसरा एक दिवसीय क्रिकेट मैच 84 रन से जीत लिया और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त भी बना ली। पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में आउट हो गई। इससे पहले न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 292 रन बनाए जिसमें मिच हे ने 99 रन का योगदान दिया। उन्होंने पारी के आखरी ओवर में दो छक्कों और दो चौकों के साथ 22 रन निकाले लेकिन शतक से एक रन से चूक गए। न्यूजीलैंड ने नेपियर में पहला मैच 73 रन से जीता था। पाकिस्तान के लिए फहीम अशरफ ने सर्वाधिक 73 रन बनाए और नौवे विकेट के लिए नसीम शाह के साथ 60 रन की साझेदारी भी की। नसीम ने 51 रन बनाए। दोनों का यह पहला वनडे अर्धशतक है।*

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र–I

समाचार पत्रों में दिनांक 18.03.2025 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या 850/2025 एवं सूचना संख्या NR-UMBOCOML/1/2025(284713) के अनुक्रम में "अंबाला मंडल में स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए सुविधादाताओं की नियुक्ति हेतु विज्ञापन सूचना"। पत्र संख्या 2024/TG-I/10/A/ATVM/बोनस माटर कार्ड रीचार्ज दिनांक 20.03.2025 के तहत रेलवे बोर्ड ने स्मार्ट कार्ड रिचार्ज पर स्वीकार्य बोनस को संशोधित किया है। "150 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड रिचार्ज पर बोनस 3% होगा। 151 किलोमीटर से 500 किलोमीटर के बीच की यात्रा के लिए बोनस 2% की दर से मिलेगा तथा उसके बाद 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए जारी किए गए टिकटों पर 1% की दर से बोनस मिलेगा। उक्त संशोधन एनएसजी 1, एनएसजी–2 तथा एनएसजी–3 श्रेणी के स्टेशनों के लिए लागू होगा। अन्य श्रेणियों के स्टेशनों के लिए 150 किलोमीटर की दूरी की सीमा तय करने की मौजूदा नीति जारी रहेगी।" यह स्लैब 31.02.2026 तक वैध है।

**अंबाला मण्डल में ए.टी.वी.एम. की सूची:-**

| S. No. | Name of Station | Station Code | Category of Station |
|---|---|---|---|
| 1 | Ambala Cantt | UMB | NSG-2 |
| 2 | Chandigarh | CDG | NSG-2 |
| 3 | Saharanpur | SRE | NSG-3 |
| 4 | Yamuna Nagar Jagadhari | YJUD | NSG-3 |
| 5 | Kalka | KLK | NSG-3 |
| 6 | Bathinda | BTI | NSG-3 |

No.: NR-UMBOCOML/1/2025(284713) Date:- 02.04.2025 1003/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मंडल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र.सं. | नीलामी केटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PARKING | 1 | UMB-Mix-09-2025 | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का ठेका। कुल एरिया – 1194.36 वर्ग मी। | 08.04.25 at 12:00:00 |
| | 2 | UMB-Mix-09-2025 | अंबाला शहर रेलवे स्टेमान पर दो पहिया व चार पहिया पार्किंग का ठेका कुल एरिया–815.89+1226.12 वर्ग मी.। | 08.04.25 at 12:00:00 |
| | 3 | UMB-Mix-10-2025 | भटिंडा रेलवे स्टेशन पर दो पहिया पार्किंग का ठेका। कुल एरिया 1893.45 वर्ग मी.। | 11.04.25 at 12:00:00 |
| | 4 | UMB-Parking0825 | अहमदगढ़ रेलवे स्टेशन पर संयुक्त पार्किंग का ठेका। कुल एरिया 7788 वर्ग मी.। | 15.04.25 at 12:00:00 |
| NFR | 5 | UMB-Mix-09-2025 | अंबाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका | 08.04.25 at 12:00:00 |
| | 6 | UMB-Mix-09-2025 | अंबाला कैंट व सहारनपुर स्टेशनों पर बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख–रखाव करते हुए, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्हीं बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका। | 08.04.25 at 12:00:00 |
| | 7 | UMB-Advt-06-25 | चंडीगढ़ के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 8 | UMB-Advt-06-25 | सिरहिंद रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 9 | UMB-Advt-06-25 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 10 | UMB-Advt-06-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 11 | UMB-Advt-06-25 | फतहेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 12 | UMB-Advt-06-25 | धुरी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 13 | UMB-Advt-06-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 14 | UMB-Advt-06-25 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 15 | UMB-Advt-06-25 | बराड़ा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 16 | UMB-Advt-06-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 17 | UMB-Advt-06-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 18 | UMB-Advt-06-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 19 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 14503/14504 (KLK-SVDK Express) एवं 22455/56 (SNSI-KLK Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 20 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 14521/14522 (DLI-UMB Express) & 14507/08 (DLI-FKA Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 21 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 14523/14524 (UMB-BJU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 22 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 12449/50 (CDG-MAO Sampark Kranti Express) & 10215/16 (MAO-ERS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 23 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 20493/94 (CDG-MDU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 24 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 14525/14526 (UMB-SGNR Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 25 | UMB-Mix-10- 2025 | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 11.04.25 को 12:00 बजे |
| Pay & Use | 26 | UMB-Mix-09- 2025 | कालका रेलवे स्टेशन पर पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव का ठेका। | 08.04.25 को 12:00 बजे |
| | 27 | UMB-Mix-10- 2025 | धुरी रेलवे स्टेशन पर कुल 02 पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रखरखाव का ठेका। | 11.04.25 को 12:00 बजे |

997/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### जदुमणि ने मुक्केबाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह मांडेंगबाम ने ब्राजील के फोज डो इगुआकु में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है लेकिन भारत के तीन अन्य खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 20 वर्षीय जदुमणि ने मंगलवार देर रात 50 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में पिछले साल के विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को कड़े मुकाबले में 3-2 के विभाजित निर्णय से हराया। सेमीफाइनल में जदुमणि का मुकाबला पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जालिलोव से होगा। इस बीच एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक), निखिल दुबे (75 किग्रा) और जुगनू (85 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र ने कजाकिस्तान के सपरबे डेनियल को कड़ी चुनौती दी, लेकिन पहले राउंड में सर्वसम्मति से जीत के बावजूद उन्हें आखिर में करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।



E-mail-marketcommiteeuchana@gmail.com Ph. No-01684-230415

OFFICE OF THE MARKET COMMITTEE, UCHANA(JIND)

कार्यालय मार्किट कमेटी, उचाना (जीन्द)

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नई अतिरिक्त अनाज मण्डी उचाना कलां (राष्ट्रीय राजमार्ग-जीन्द रोड़) में गेट न० 1 पर स्थित कम्पयुटराईज 2 धर्म कांटे (क्षमता 60 टन) को ठेके पर देने हेतू दिनांक 07.04.2025 को समय दोपहर बाद 1:00 बजे कार्यालय मार्किट कमेटी, उचाना में खुली बोली की जाएगी। अतः इच्छुक व्यक्ति मौके का फायदा उठाएं।**

धर्मकान्टा किराये पर देने बारे शर्तेः-

1. किराए अवधि दिनांक 10.04.2025 से 31.03.2026 तक होगी।
2. डिफाल्टर को बोली देने का अधिकार नहीं होगा।
3. बोली देने के लिए स्थाई पते व पहचान का प्रमाण हेतु आधार कार्ड, बैंक खाता की कॉपी, बिजली का बिल व पैन कार्ड की फोटो प्रति जमा करवानी अनिवार्य है।
4. प्रत्येक बोलीदाता को धर्मकान्टे के लिए धरोहर राशि 1,00,000/- रुपये (एक लाख रुपये केवल) का डी०डी० मार्किट कमेटी, उचाना के नाम कार्यालय मार्किट कमेटी, उचाना में जमा करवाना होगा। असफल बोलीदाता को मौके पर धरोहर राशि के डी०डी० वापिस कर दिए जाएंगे। सफल बोलीदाता की धरोहर राशि जमानत राशि जमा कर ली जाएगी व किराए में समायोजित नहीं की जाएगी तथा किराया अवधि समाप्त उपरान्त जमानत राशि बिना ब्याज वापिस कर दी जाएगी।
5. सफल बोलीदाता को 7 दिन के अन्दर अन्दर उसका पुलिस वैरीफिकेशन प्रमाण पत्र इस कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है।
6. सफल बोलीदाता को बोली के अगले दिन एक मुशत (**एक वर्ष 10.04.2025 से 31.03.2026 तक का**) किराया+जी०एस०टी० जमा करवाना होगा।
7. बोली छूटने के उपरान्त सफल बोलीदाता को 7 दिन के अन्दर अन्दर 15/- रुपये के स्टाम्प पर इस कार्यालय के साथ अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा, यदि बोलीदाता ऐसा करने में असफल रहता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी व सचिव, मार्किट कमेटी को द्वितीय उच्च बोलीदाता को ठेका देने का अधिकार होगा।
8. यदि भविष्य में सरकार द्वारा टैक्स में कोई संशोधन किया जाता है तो उसका भुगतान करने हेतु अॅलाटी बाध्य होगा व भुगतान न करने की स्थिति में धरोहर राशि से वसूली कर ली जाएगी।
9. अॅलाटी धर्मकान्टे को सबलैट नहीं कर सकेगा व जैसा है जहां है की स्थिति में अॅलाट की जाएगा। यदि अॅलाटी किसी अन्य व्यक्ति को धर्मकान्टे संचालन हेतु अधिकृत करना चाहता है तो वह व्यक्ति मार्किट कमेटी से पहचान प्रमाण प्राप्त करके ही धर्मकान्टे संचालन कर सकेगा, परन्तु वह व्यक्ति पुर्व में मार्किट कमेटी का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। अॅलाटी द्वारा इस नियम की उल्लंघना की जाती है तो अॅलाटी द्वारा जमा जमानत राशि को तुरन्त प्रभाव से जब्त करके अॅलाटी का ठेका रद्द कर दिया जाएगा व अॅलाटी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
10. बिजली, पानी भुगतान व नापतोल विभाग द्वारा धर्मकान्टा सत्यापन टैक्स की पुर्ण जिम्मेवारी स्वयं ठेकेदार की होगी।
11. धर्मकान्टे के अन्दर किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ व शराब आदि रखने व प्रयोग की अनुमति नहीं होगी।
12. बिना कोई कारण बताए बोली स्वीकार व अस्वीकार व रद्द करने का अधिकार अॅलाटमैन्ट कमेटी को होगा।
13. ठेकेदार का दायित्व होगा कि धर्मकान्टा में स्थित मार्किट कमेटी की सम्पति अर्थात कम्पयुटर व उससे सम्बन्धित सामान व प्रोपर्टी की जिम्मेवारी व रख-रखाव स्वयं वहन करेगा और धर्मकान्टा की अवधि की समाप्ती पर सचिव मार्किट कमेटी, उचाना को ठेकेदार चालू हालात में सुपुर्द करेगा।
14. वजन तुलाई के समय किसी भी गड़बड़ी की जिम्मेवारी ठेकेदार की होगी।
15. धर्मकान्टे से सम्बन्धित कोई भी मुकदमा आदि ठेकेदार न्यायालय में स्वयं पैरवी करेगा।
16. बोर्ड / मार्किट कमेटी के अधिकारियों द्वारा किसी समय धर्मकान्टे का निरिक्षण किया जा सकता है, इस दौरान किसी भी प्रकार की अनियममितता पाये जाने पर जमानत राशि जब्त करके धर्मकान्टे का ठेका रद्द कर दिया जाएगा।
17. ठेकेदार व मार्किट कमेटी, उचाना के बीच कोई विवाद होता है तो सक्षम अधिकारी का निर्णय मान्य होगा।
18. यदि किसी प्रकार की सम्पती की हानि होती है तो उसकी वसूली ठेकेदार से की जाएगी।
19. धर्मकान्टे में प्रयोग में आने वाली स्टेशनरी व पर्ची बुक की जिम्मेवारी ठेकेदार की होगी।
20. बिजली मीटर, जरनेटर / इन्वटर के प्रबन्ध की जिम्मेवारी स्वयं ठेकेदार की होगी।
21. धर्मकान्टे स्टैक्चर व लोड सैल इत्यादि के साथ किसी प्रकार की छेड़-छाड़ नहीं की जाएगी। ऐसा होने पर ठेकेदार की जिम्मेवारी होगी।
22. धर्मकान्टे निश्चित अवधि से पहले छोड़ने पर या अनुबन्ध की शर्तों का पालन न करने पर मार्किट कमेटी को अधिकार होगा कि वह अनुबन्ध समाप्त कर धरोहर राशि जब्त कर सकती है।
23. मार्किट कमेटी को विशेष परिस्थितियों में अधिकार होगी कि वह 24 घन्टे का नोटिस देकर निश्चित समय अवधि से पहले धर्मकान्टे अपने कब्जे में ले सकती है। इस बारे में ठेकेदार न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं रखेगा।
24. अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय मार्किट कमेटी, उचाना से सम्पके करें।

**सचिव एंव कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी, उचाना।**

**प्रशासक, मार्किट कमेटी, उचाना।**

## चिंतन

# वक्फ संशोधन न धार्मिक हस्तक्षेप, न असंवैधानिक

वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है और न ही असंवैधानिक है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम अस्तित्व में आएगा, जिसके बाद वक्फ बोर्ड के लिए संपत्ति प्रबंधन करना आसान हो जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 लोकसभा में पेश किया गया है, जिसके बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। सरकार ने इसे सुधारात्मक कदम बताया है तो विपक्ष इस बिल को मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप बताकर इसका तीखा विरोध कर रहा है। सरकार के मुताबिक इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, जटिलताओं को दूर करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रबंधन शुरू करना है। विपक्षी दलों ने इसे असंवैधानिक और मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ बताया है। दीगर बात तो यह है कि पहली बार नहीं है, जब वक्फ कानून में संशोधन हो रहा है। देश में पहला वक्फ अधिनियम 1954 में बनाया गया था। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का गठन किया गया था। 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1995 में नया वक्फ कानून बनाया गया था। इसके तहत राज्यों को वक्फ बोर्ड गठन की शक्ति दी गई। वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन किया और धारा-40 जोड़ी गई। मौजूदा वक्फ अधिनियम की धारा-40 वक्फ बोर्ड और ट्रिब्यूनल को किसी संपत्ति को अपनी जमीन घोषित करने की ताकत देता है। इसके तहत बोर्ड को रिजन टू बिलीव की ताकत मिली है। वक्फ बोर्ड को यह तय करने का अधिकार है कि कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं। अभी तक वर्ष 1955 में, वर्ष 1995 में और वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन हो चुका है या कानून बदला गया है। यह संसद से हुआ है, इसलिए मौजूदा संशोधन असंवैधानिक नहीं है। संसद को इसमें बदलाव करने का अधिकार है। देशभर में वक्फ बोर्ड के पास आठ लाख एकड़ से अधिक जमीन है। 2009 में वक्फ बोर्ड के पास कुल 4 लाख एकड़ जमीन थी। 16 वर्ष में जमीन दोगुणी हो गई, कैसे?। देश में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं। हर राज्य में एक वक्फ बोर्ड है। यूपी और बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड भी हैं। वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है। वक्फ न्यायाधिकरणों की अभी तक कोई न्यायिक निगरानी नहीं है। इसके चलते कई दुरूपयोग की खबरें आईं। पंजाब वक्फ बोर्ड ने पटियाला में शिक्षा विभाग की जमीन पर दावा ठोक दिया। तमिलनाडु के एक गांव थिरुचिंथुरई पर ही वक्फ ने दावा ठोक दिया, जिससे समूचे गांव के किसान परेशान हुए। वर्ष 2024 में बिहार के गोविंदपुर गांव पर भी वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया। यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। केरल के एर्नाकुलम में 600 ईसाई परिवार की पुश्तैनी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। कर्नाटक के विजयपुरा में 15000 एकड़ जमीन पर राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फ जमीन घोषित कर दी। वक्फ अधिनियम केवल एक धर्म पर लागू होता है। किसी अन्य धर्म के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है। किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के संविधान में ऐसा कानून संविधान की भावना का उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में वक्फ बोर्ड की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाए गए थे। नए वक्फ विधेयक के बाद धारा-40 खत्म हो जाएगी और वक्फ की मनमानी पर रोक लगेगी। कोई भी कानूनी बोर्ड धार्मिक आधार पर फैसले नहीं कर सकता है। वक्फ एक्ट में संशोधन संवैधानिक है।

## डिजिटल युग

डॉ. ज्योत्सना शर्मा



# साइबर क्राइम की रोकथाम है ज़रूरी

आज के डिजिटल युग में, हम बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और डिजिटल दुनिया के साथ सामंजस्य बिठा रहे हैं। औद्योगीकरण के युग में मानव समाज ने बड़ी सहजता से प्रौद्योगिकी को अंगीकृत किया है। हमारे पास अलग-अलग तकनीकें हैं, साधन हैं जो हमारे घरेलू और कामकाजी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई हैं, जैसे ऑडियो और वीडियो प्रौद्योगिकी, जीपीएस और लोकेशन सर्विस, अलग-अलग नेटवर्क, 4जी और 5जी क्लाउड सर्विस, स्मार्ट होम, साइबर सुरक्षा और आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात कृत्रिम मेधा। इन सभी तकनीकों ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ ही हम कुछ गंभीर मुद्दों का सामना भी कर रहे हैं जैसे कि तेज़ी से बढ़ते हुए साइबर अपराध।

अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के अनुसार, दुनियाभर में अनुमानित 4.1 बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए, इंटरनेट सुरक्षा संबंधी खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध को किसी भी गैरकानूनी कार्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां कंप्यूटर या संचार उपकरण या कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग अपराध करने या उसे सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है। साइबर बेईमानी, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन, फ़िशिंग, फिरौती, बाल शोषण, डेबिट/क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, क्रिप्टो जैकिंग कुछ प्रचलित साइबर अपराध के प्रकार हैं। इन अपराधों का समाज और व्यक्ति पर विभिन्न तरीकों से गहरा प्रभाव पड़ता है। इनमें से किसी भी प्रकार का साइबर अपराध किसी व्यक्ति, कंपनी और संगठन को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सूचनाओं में हेरफेर करके आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम भी हो रहा है जिससे उन्माद भड़क जाते हैं और आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। साइबर अटैक तनाव और मानसिक दबाव पैदा करते हैं, जो किसी को भी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। 'क्राइम इन इंडिया' एनसीआरबी (स्त्रोत) के द्वारा प्रकाशित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार वर्ष 2020-2022 के दौरान साइबर अपराधों के तहत 65893 मामले(सीआऱ) दर्ज किए गए।साइबर अपराधों के लिए धोखाधड़ी के तहत वर्ष 2020-2022 के दौरान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार 17470 मामले (सीआर) दर्ज किए गए। I4C ने सक्रिय रूप से डिजिटल अरेस्ट के लिए उपयोग किए जाने वाले 3,962 से अधिक स्काइप आईडी और 83,668 व्हाट्सएप खातों की पहचान करके उन्हें ब्लॉक किया। भारत सरकार द्वारा 28.02.2025 तक पुलिस अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट किए गए 7.81 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,08,469 आईएमईआई को ब्लॉक कर दिया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने इस मुद्दे को उच्च प्राथमिकता पर लिया और देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना करके एक पहल की। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार करके साइबर अपराधों से निपटने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था। मुख्य उद्देश्य देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करना है, ताकि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध से लड़ा जा सके और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान करना, ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायतों को आसानी से दर्ज किया जा सके और साइबर अपराधों को रोकने के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। साइबर फोरेंसिक जांच, साइबर हाईजीन, साइबर अपराध विज्ञान आदि के क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण में राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना। हम प्रौद्योगिकी को नकार नहीं सकते; हमें इसके साथ चलना होगा। कई तकनीकी संसाधनों के साथ, अब डिजिटल डिवाइड नहीं है और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और रचनात्मकता के कई उदाहरण देख रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, चिकित्सा हो, ई-कॉमर्स हो आदि। ई-उद्यमिता आर्थिक विकास को गति दे रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति वैश्विक स्तर पर उत्पाद का विपणन और ब्रांडिंग करने के लिए डिजिटल कौशल का उपयोग कर सकता है। लेकिन अगर हम खुद को डिजिटल रूप से जागरूक रखते हैं, तो हम किसी भी तरह के साइबर अपराध से बच सकते हैं।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# भारत के नए वैश्विक व्यापार समीकरण

**भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की जीवीसी में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, स्टील, लेदर व फुटवियर आदि शामिल हैं।**

यकीनन 2 अप्रैल से लागू डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारत नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 से 29 मार्च तक नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है।

इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, सोलर पीवी, कैपिटल गुड्स, स्टील, फूड प्रोसेसिंग, लेदर व फुटवियर, फार्मास्युटिकल्स, टेलीकाम उपकरण और एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, लम्बे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दो, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ विचार मंथन किया जाए। तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। पिछले दिनों 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। खास बात यह कि पिछले 10 वर्षों से प्रस्तावित और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता वार्ता को अब शीघ्रतापूर्वक महज 60 दिन में पूर्ण करना भी सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। ऐसे में भारत ने




ईयू की तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण करने के मद्देनजर रणनीति तय की है। यह उल्लेखनीय है कि इस समय जब दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं, तब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत जून 2024 से आगे बढ़ी व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूर्ण करने और व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यदि हम पलटकर देखें तो पाते हैं कि गत वर्ष 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत शामिल हुआ और इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भी हुईं। विगत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 22 सितंबर को न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। इसी तरह विगत 16 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ नई दिल्ली में लाभदायक द्विपक्षीय वार्ता की। अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष दिसंबर में की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी आगामी माह अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। इन सबके साथ-साथ जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं अब भारत द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका के टैरिफ लगाए जाने की योजना का भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। विभिन्न नई शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह बताया गया है कि ट्रंप की टैरिफ योजना से भारत के कुल निर्यात में महज 3 से 3.5 फीसदी गिरावट आ सकती है। निर्यात की इस कमी को मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों से अधिक निर्यात के माध्यम से पूरा किया जा सकेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया में सबसे अधिक 6.5 से 7 फीसदी विकास दर और सर्विस एक्सपोर्ट की वैश्विक राजधानी का तमगा हासिल करते हुए मजबूत घरेलू बाजार और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पाद की ताकत के मद्देनजर दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और नए मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता के दौरान शुरुआत से ही शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर प्राथमिकता के साथ बातचीत करने और द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को शीघ्रता से अंतिम रूप देने की नई रणनीति के अच्छे परिणाम बहुत जल्द सामने आते जाएंगे और वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ते हुए दिखाई देगी। ऐसे में भारत टैरिफ चुनौतियों के बीच विभिन्न देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए भी दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# शारीरिक-मानसिक शुद्धिकरण का उपाय है उपवास




संकलित

## दर्शन

हिंदू धर्म का पवित्र चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुकी है। नवरात्रि आत्मशुद्धि और साधना का अवसर है। इस दौरान उपवास, ध्यान और पूजा से मनुष्य अपने अंदर की नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित कर आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक चेतना के उच्चतर स्तर की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दुर्गा की साधना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपवास करेंगे। उपवास से शरीर और मन की शुद्धि होती है, जिससे ध्यान और साधना में एकाग्रता बढ़ती है। हाल ही में उपवास की चर्चा केवल नवरात्रि तक सीमित नहीं रही। उपवास एक अलग संदर्भ में भी चर्चा का विषय बना, जब प्रसिद्ध अमरीकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षात्कार लेने से पहले 45 घंटे तक उपवास किया। घोर भौतिकवादी समाज से आने वाले फ्रीडमैन ने इसे सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यह उपवास उनके लिए पीएम मोदी के साथ संवाद का सम्मान करने और उच्चतर 'आध्यात्मिक स्तर' तक पहुंचने का एक उपाय था। यह घटना दर्शाती है कि उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। उपवास आध्यात्मिक उन्नति और आत्म-अनुशासन का भी एक सार्वभौमिक साधन है, जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया जा रहा है। पश्चिमी वैज्ञानिक और दार्शनिक भी अब उपवास के लाभों को समझ रहे हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति में उपवास, जिसे लंघन के नाम से भी जाना जाता है, को बहुत महत्व दिया जाता है।

# आपके भीतर की मनःस्थिति है खुशी का रहस्य



संकलित

## प्रेरणा

दुनिया की सभी शिक्षाएं महान खुशी पाने की बात करती हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यही वह चीज है, जिसे हर कोई आखिरकार खोज रहा है। खुशी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि हमारे पास क्या है या क्या नहीं है, यह बस एक मनःस्थिति है। यह ऐसी चीज नहीं है जिसे आप खरीद सकते हैं, यह पहले से ही आपके भीतर है, यहीं और अभी। हम जो कुछ भी बाहर चाहते हैं वह पहले से ही हमारे भीतर है। जीवन में हमेशा कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो हमें परेशान करती हैं। इसे माया कहते हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई आपसे प्यार करता है, तो यह परेशानी हो सकती है और अगर वह आपसे प्यार नहीं करता, तो यह भी परेशानी है। दोस्त और दुश्मन दोनों ही परेशानी का कारण हो सकते हैं। इसलिए यह संकल्प लेना जरूरी है, चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी खुशी नहीं खोऊंगा। भले ही आपको व्यापार, रिश्तों या जीवन के किसी भी दूसरे पहलू में नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन आपको अपनी खुशी नहीं खोनी चाहिए। यह आपके विकास का एक पैमाना है। जब आप खुशी के स्रोत पर जाते हैं, तो आपकी इंद्रियां मजबूत हो जाती हैं, आपका मन संतुष्ट हो जाता है और चीजें आपके पक्ष में होने लगती हैं। परफेक्ट होने के बारे में तनाव न लें। अगर आप परफेक्शन पर बहुत ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप गुस्सा महसूस करेंगे। दुनिया अपूर्ण लग सकती है, लेकिन अंदर से सब कुछ परफेक्ट है। परफेक्शन छिपा हुआ है, जबकि अपूर्णता दिखाई देती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सेक्टर के लिए भी हो उचित पेंशन का प्रावधान

सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू की है। इससे सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे इस पर सभी के अपने अपने विचार हो सकते हैं लेकिन समय के साथ साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों की लगभग बेसिक वेतन के लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। सरकारों से यह अनुरोध है कि वो प्राइवेट सेक्टर में काम, रोजगार करने वाले लोगों के बुढ़ापा सुरक्षित करने के लिए भी कोई अच्छी सी पेंशन योजना अमल में लाए।

*- रमेश चौधरी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सहकारी शिक्षा

अब सहकारी शिक्षा भारतीय शिक्षा व पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनेगी और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से देशभर के प्रशिक्षित युवा सहकारी क्षेत्र को अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और आधुनिक युग के अनुकूल बनाएँगे।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### भाषा विवाद गलत

जो लोग संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के नाते यह भाषा विवाद खड़ा कर रहे हैं, उनका राजनीतिक उल्लू सीधा तो हो सकता है, लेकिन, वो रोजगार पर प्रहार कर रहे हैं। इसीलिए वो राज्य पिछड़ते जा रहे हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### विपक्षी दल एकजुट

सभी विपक्षी दल एकजुट हैं और वक्फ संशोधन विधेयक पर मोदी सरकार के असंवैधानिक और विभाजनकारी एजेंडे को हराने के लिए संसद में मिलकर काम करेंगे।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### नंदघर का सपना

जब नंदघर का सपना देखा था, सिर्फ एक ही सोच थी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और पोषण मिले, हर महिला के हाथ में रोज़गार हो। आज, 15 राज्यों में 8000 से अधिक नंदघरों के साथ, 3 लाख से ज़्यादा बच्चों का भविष्य संवर रहा है और 2.5 लाख महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



## करंट अफेयर

# खालिदा जिया अप्रैल मध्य में बांग्लादेश लौट सकती हैं



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है और उनके अप्रैल के मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर में पार्टी के एक नेता के हवाले से दी गई। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जिया (79) अप्रैल के मध्य में स्वदेश लौटेंगी, लेकिन यह अभी भी निश्चित नहीं है। बीएनपी नेता ने यह भी कहा कि लंदन में जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है, जहां वह अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं। आलमगीर के हवाले से कहा गया, 'आज (रविवार) वहां ईद मनाई जा रही है। वह आठ साल बाद अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं।' यह जिया का लंदन में तीसरी ईद है, इससे पहले वह 2017 और 2015 में ईद के मौके पर लंदन में ही रही थीं। इस बीच, लंदन से यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश से बात करते हुए जिया के निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि बीएनपी नेता जिया के स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से जिया घर पर ही उपचार करा रही हैं।

## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान



सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है। अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रीजीजू लोकसभा में बोले

# संसद पर भी था वक्फ का दावा, वक्फ संपत्तियों का सही प्रबंधन होता तो देश की तकदीर बदल जाती



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को कहा कि अगर वह वक्फ संशोधन विधेयक नहीं लाती तो संसद भवन समेत कई इमारतें दिल्ली वक्फ बोर्ड के पास चली जातीं और कांग्रेस के शासनकाल में वक्फ संपत्तियों का सही से प्रबंधन होता तो केवल मुसलमानों की ही नहीं, बल्कि देश की तकदीर भी बदल जाती। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए यह भी कहा कि इसके माध्यम से सरकार और वक्फ बोर्ड मस्जिद समेत किसी धार्मिक संस्था के किसी धार्मिक कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्षी दलों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि 1995 में जब कई संशोधनों के साथ व्यापक कानून बनाया गया था, तब किसी ने नहीं कहा था कि यह असंवैधानिक और गैरकानूनी है। रीजीजू ने कहा कि आज हम इसे सुधार कर ला रहे हैं तो यह असंवैधानिक लग रहा है। तर्कों पर बात कीजिए।

**बोले- किसी भी धार्मिक कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करेंगे**

**विधेयक के खिलाफ विपक्षी दलों के दावों को खारिज**



हम सुधार कर ला रहे तो यह असंवैधानिक लग रहा

### लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा

रीजीजू ने कहा कि जिन बातों का विधेयक से कोई लेनादेना नहीं, उन पर बात की जा रही है और लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि सरकार मस्जिद, दरगाह और मुसलमानों की संपत्तियों को छीन लेगी जो पूरी तरह गुमराह करने वाली बात है। रीजीजू ने साफ किया कि यह विधेयक पूर्वगामी प्रभाव से लागू नहीं होगा। उन्होंने इस विधेयक की जरूरत के कारण गिनाते हुए कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले 2013 में तत्कालीन संप्रग सरकार ने कुछ ऐसे कदम उठाए जिनसे कई संपत्तियां दिल्ली वक्फ बोर्ड के पास चली जातीं।

### 2013 में पहली बार वक्फ कानून में बदलाव किया

रीजीजू ने कहा कि 2013 में पहली बार वक्फ कानून में यह बदलाव किया गया कि इस देश में किसी भी धर्म का व्यक्ति वक्फ बना सकता है। उन्होंने कहा कि इनके अलावा ऐसे प्रावधान किए गए कि शिया वक्फ में शिया ही रहेंगे, सुन्नी वक्फ में सुन्नी ही रहेंगे तथा बाहर से कोई और नहीं आ सकता। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा कि एक धारा में तो यह तक लिखा गया कि वक्फ बोर्ड का कानून किसी भी मौजूदा कानून के ऊपर रहेगा। इस देश में ऐसा कानून कैसे मंजूर किया जा सकता है।"

### सरकार नाकामी पर पर्दा डालने के लिए विधेयक लाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** सपा सांसद अखिलेश यादव ने लोस में कहा कि अपनी नाकामी



पर पर्दा डालने के लिए सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक लाई और यह सत्तारूढ़ भाजपा का "सियासी हठ" है तथा "उसकी सांप्रदायिक राजनीति का एक नया रूप" है। उन्होंने विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि वक्फ से जुड़े जिन मुद्दों पर फैसला लिया जाना था उन्हें इस विधेयक में अहमियत नहीं दी गई है।

**केंद्रीय मंत्री व जदयू सांसद ने संसद में बोले**

### ललन ने दिखाया आईनाः आपने जो पाप किया था पीएम पारदर्शिता ला रहे



**नई दिल्ली (भाषा)।** जेडीयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने संसद में विधेयक का समर्थन किया है। सिंह ने कहा कि माहौल बनाया जा रहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम विरोधी है। गलत जानकारी दे रहे। यह मुसलमान विरोधी है, कहीं से ये मुसलमान विरोधी नहीं है। सिंह ने कहा कि मोदीजी को लोग कोस रहे हैं, उनका चेहरा पसंद नहीं आ रहा है तो मत देखिए उनकी तरफ। 2013 में आपने जो पाप किया था, उसे समाप्त करके पारदर्शिता लाने का काम किया है।

**अनुराग ठाकुर बोले**

### वक्फ को बदलने का वक्त आ गया



**नई दिल्ली (भाषा)।** वक्फ संशोधन विधेयक को कांग्रेस की "तुष्टीकरण की राजनीति का अंतिम संस्कार करने वाला" बताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि इस विधेयक से स्पष्ट है कि देश संविधान के अनुसार ही चलेगा। सदन में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि अब वक्फ को बदलने का वक्त आ गया है क्योंकि यह भ्रष्टाचार और अत्याचार का अड्डा बन गया है भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती वक्ता और कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी पार्टी के लोग हाथ में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, लेकिन विरोधाभासी बातें करते हैं। ठाकुर ने मुख्य विपक्षी दल पर हमला करते हुए कहा, "बाबासाहेब बीआर आंबेडकर का सपना एक संविधान का था। आपने दो निशान बनाए।

**सिब्बल का बयान**

### सिर्फ मुसलमानों को टारगेट किया जा रहा



राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हिंदू धर्म की खामियां गिनाकर सरकार से उसमें सुधार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुधार की तो हर धर्म में जरूरत है, लेकिन सिर्फ मुसलमानों को ही टारगेट किया जा रहा है। कपिल सिब्बल ने कहा कि इस्लाम, हिंदू, ईसाई या कोई और धर्म हो, हर जगह सुधार की जरूरत है। हम 2014 के बाद से देख रहे हैं कि एक समुदाय को टारगेट किया जा रहा है।

**जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चीफ का बड़ा दावा**

### यह किसी भी तरह मुसलमानों के खिलाफ नहीं



भाजपा नेता और जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी ने कहा कि विधेयक मुसलमानों के कल्याण के लिए पेश किया जा रहा है। ये मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरख्शां अंद्राबी ने कहा कि ऐसा नहीं लगा रहा कि संसद में पेश किया गया विधेयक मुसलमानों के खिलाफ है।

### हमारे नेता पर हमला कर रहे : वेणुगोपाल



ठाकुर के आरोपों पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि वे सदन को गुमराह कर रहे हैं और हमारे नेता पर हमला कर रहे हैं। वह अपनी जातिवादी सोच सामने ला रहे हैं। ठाकुर ने पलटवार करते हुए कहा कि मैंने किसी की जाति का जिक्र नहीं किया, आपने अपने असली रंग दिखा दिए। आप पारदर्शिता नहीं चाहते।

### वक्फ बोर्डों में पिछड़े मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं



लोकसभा में वक्फ विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष संविधान उल्लंघन का आरोप लगा रहा है, लेकिन अगर आप कानून के किसी हिस्से का उल्लेख करते हैं तो पूरे तथ्य का उल्लेख करें। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये विधेयक संविधान के अनुरूप है। उन्होंने ये भी कहा कि वक्फ बोर्डों में पिछड़े वर्ग के मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता। यह खुद अपने आप में संविधान में मिले अधिकारों का उल्लंघन है।

**बिल पर ये बोले**

**तृणमूल कांग्रेस**

संसद को वक्फ के संबंध में कानून पारित करने का कोई अधिकार नहीं: सांसद कल्याण

**बीआरएस**

यह विधेयक रास में आएगा तो उनकी पार्टी सदन में अपना पक्ष रखेगी। लोकसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं: केटी रामा राव

**द्रमुक**

देश में वक्फ की सभी संपत्तियों को हड़पने की साजिश है सरकार धर्म और राजनीति का घालमेल नहीं करे: ए. राजा

**तेलुगू देशम पार्टी**

राज्यों को वक्फ बोर्ड की संरचना तय करने वाले नियमों में लचीलापन सुनिश्चित किया जाना चाहिए: तेदेपा सांसद कृष्ण

**जनता दल-यूनाइटेड**

*विपक्षी दल इस विधेयक को लेकर एक अलग तरह का विमर्श गढ़ने की और देश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे: राजीव रंजन सिंह*

**बिहार के राज्यपाल**

वक्फ की 90 प्रतिशत से अधिक संपत्ति विवादित है और मामले अदालत में लंबित: आरिफ खान

**घाटी से प्रतिक्रिया**

जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों ने विधेयक का विरोध किया, इसे 'धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप' बताया

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी–24/24–25 | प्रोविसिऑन ऑफ सेकंड लूप लाइन एट गुरने (जी आर एन) स्टेशन ऑफ अंबाला डिविजन | 25.04.2025 at 15:00 Hrs. | Rs. 1,32,77,473.14 | Rs. 2,16,400/- | 180 दिन |
| 2 | ओटी–25/24–25 | प्रोविसिऑन ऑफ ऑटोमैटिक फायर सप्रेशन सिस्टम अलौंग विद ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन एण्ड अलार्म सिस्टम एट भटिंडा स्टेशन ओवर अंबाला डिविजन। | 25.04.2025 at 15:00 Hrs. | Rs. 1,47,15,791.18 | Rs. 2,23,600/- | 180 दिन |

नोटः– 1. वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेवसाईट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्याः एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी–10/2024–25 दिनांकः 26.03.2025 1000/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सदन में ध्वनिमत से पारित**

## संसद ने आप्रवास एवं विदेशियों विषयक विधेयक को दी मंजूरी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

संसद ने बुधवार को भारत में विदेशी लोगों के आगमन, उनके यहां ठहरने और गैर कानूनी ढंग से रह रहे लोगों के निर्वासन से संबंधित एक महत्वपूर्ण विधेयक को मंजूरी दे दी तथा सरकार ने इस बात की प्रतिबद्धता जताई कि देश के विरूद्ध साजिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को यहां रहने नहीं दिया जाएगा। राज्यसभा ने आप्रवास एवं विदेशियों विषयक विधेयक 2025 को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के जवाब के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन ने विपक्षी सदस्यों द्वारा विधेयक पर लाए गए संशोधनों को खारिज कर दिया। लोकसभा में यह विधेयक पहले ही परित हो चुका है।

### रास में हुई चर्चा

उच्च सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस विधेयक के जरिये चार कानूनों का निरसन किया जाएगा जिसमें से तीन संविधान बनने के पूर्व के हैं। उइसमें दो कानून तो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान असाधारण परिस्थितियों में लाए गए थे।

**रास सभापति ने किया आह्वान**

## ऑटिज्म प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा करें: जगदीप धनखड़

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने एक ऐसा समाज बनाने का आह्वान किया जहां



ऑटिज्म प्रभावित लोग गरिमा के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें और उन्हें हर क्षेत्र में समान अवसर मिल सकें। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति ने कहा कि आज दो अप्रैल है और संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को 'विश्व ऑटिज्म दिवस' घोषित किया है। किसी भी समस्या से पीड़ित मानव संसाधन में प्रतिभा की कमी नहीं है और हमें जरूरत है उसे निखारने के लिए उसे अवसर प्रदान करने की।

### विकास होगा

धनखड़ ने कहा कि ऐसा होने पर न केवल उस व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ेगा, उसका विकास होगा बल्कि पूरे समाज का और देश का भी विकास होगा। ऑटिज्म प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा करने, उन्हें आगे बढ़ाने और उनके कल्याण के लिए सदन की प्रतिबद्धता दोहराई।

**एआईएमपीएलबी ने कहा**

## वक्फ संपत्तियों के लिए सही नहीं वक्फ संशोधन विधेयक

भाषा ▶▶ लखनऊ/वाराणसी/ बरेली(उप्र)

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने वक्फ संशोधन विधेयक पर विरोध जताते हुए कहा कि यह वक्फ संपत्तियों के लिए लाभकारी नहीं नुकसानदेह होगा। एआईएमपीएलबी के वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहाकि एआईएमपीएलबी और अन्य मुस्लिम संगठनों ने विधेयक पर अपनी चिंताओं से संयुक्त संसदीय समिति को अवगत कराया था, लेकिन इस पर विचार नहीं किया गया। इसके बाद, दिल्ली और पटना समेत कई शहरों में विरोध प्रदर्शन किए गए जहां प्रदर्शनकारियों ने असहमति दर्ज कराने के लिए सांकेतिक रूप से काली पट्टी बांधी।' वाराणसी में विभिन्न अदालती मामलों में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर ने कहा कि बिल में कई पहले के कुछ अधिकारों को कम करने का प्रावधान है जो एक सकारात्मक कदम है। जैन ने कहा कि यह विधेयक वक्फ की परिभाषा में महत्वपूर्ण बदलाव करता है और इसकी अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करता है।

### मुजफ्फरनगर में सुरक्षा बढ़ाई संभल में 'फ्लैग मार्च' निकाला



**मुजफ्फरनगर/संभल (उप्र) (भाषा)।** संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किए जाने के बाद एहतियात के तौर पर बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में संवेदनशील स्थानों पर बुधवार को सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिषेक सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में 'फ्लैग मार्च' किया। अधिकारियों ने बताया कि खालापार इलाके समेत प्रमुख इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। स्थिति पर नजर रखने के लिए ड्रोन से निगरानी भी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुजफ्फरनगर में स्थिति शांतिपूर्ण है।

संभल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं संभल के अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने बताया कि संभल और नखासा थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

### दिल्ली भाजपा का बिल के समर्थन में प्रदर्शन

नई दिल्ली (भाषा) भाजपा की दिल्ली इकाई ने विजय चौक और रेल भवन चौराहे पर वक्फ (संशोधन) विधेयक के प्रति समर्थन जताने के लिये प्रदर्शन किया। इस विधेयक को आज लोकसभा में चर्चा और इसे पारित कराने के लिए पेश किया जाएगा। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी के सदस्यों ने तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर लिखा था, "वक्फ विधेयक में पिछड़े मुसलमानों का हिस्सा सुनिश्चित करने के लिए मोदी जी का धन्यवाद।' इस विधेयक का उद्देश्य गरीब मुसलमानों का उत्थान सुनिश्चित करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। यह उन लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करेगा, जिनके अधिकार अनुचित तरीके से छीने गए हैं।" विधेयक का विरोध करने वालों से भाजपा नेता ने पूछा कि वे समुदाय के कल्याण के लिए किए जाने वाले उपायों के खिलाफ क्यों हैं।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 133 दिनांक 28.03.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे -**



नाम - शुभम उर्फ सुमित
पिता/पति- पुत्र धर्म सिंह
पता - निवासी गांव कन्हैली जिला रोहतक
उम्र- 23 वर्ष
कद- 5 फुट 5 इंच ।
हुलिया. - रंग सांवला, गोल चेहरा।
पहनावा नीले रंग की जींस की पैंट, व पीली धारीदार शर्ट पहने हुए।
दिनांक 28.03.25 को शुभम उर्फ सुमित पुत्र धर्म सिंह निवासी गांव कन्हैली जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8295268100

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 142 दिनांक 31.03.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शहर जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - बिपत महतो
पिता/पति-
पता - निवासी कुताना बस्ती रोहतक
उम्र- 66 वर्ष
कद- 5 फुट 3 इंच ।
हुलिया. - रंग सांवला, गोल चेहरा ।
पहनावा - नीले रंग की कमीज, गहरे लाल रंग की पैंट पहने हुए।
दिनांक 31.03.25 को बिपत महतो निवासी कुताना बस्ती रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 8285334484

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 139 दिनांक 31.03.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे -**



नाम- संजय उर्फ काला
पिता/पति- पुत्र छोटूराम
पता - निवासी कमला नगर रोहतक
उम्र- 48 वर्ष
कद- 5 फुट 9 इंच ।
हुलिया. - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा - ग्रे रंग की पैंट, व सफेद रंग की शर्ट पहने हुए
दिनांक 31.03.25 को संजय उर्फ काला पुत्र छोटूराम निवासी कमला नगर रोहतक जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8950868970

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 49 दिनांक 01.04.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना लाखन माजरा रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - महेन्द्र सिंह
पिता/पति-
पता - निवासी गांव बैंसी जिला रोहतक
उम्र- 48 वर्ष
कद- 5 फुट 10 ईंच ।
हुलिया. रंग सांवला, पतला शरीर, बांए हाथ की अंगुली मुडी हुई, पेट पर जले हुए का निशान है।
पहनावा - लोवर व शर्ट पहने हुए।
दिनांक 01.04.25 को महेन्द्र सिंह निवासी गांव बैंसी जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना लाखन माजरा रोहतक- 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना लाखन माजरा रोहतक- 9034263794

पीआरडीएच-1084/11/3237/2026/33547/88/6 दि. 02.04.2025

# कुकी संगठनों ने दिल्ली में 5 को होने वाली वार्ता से पहले तीन शर्तें रखीं

भाषा ▶▶ इंफाल

गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में कुकी जो और मेइती समूहों के बीच पांच अप्रैल को होने वाली वार्ता से पहले मणिपुर के कांगपोकपी जिला स्थित कुकी नेतृत्व ने तीन पूर्व शर्तें रखी हैं।

इन शर्तों में मेइती समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में कुकी समुदाय के लोगों और कुकी ज समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में मेहती समुदाय के लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित करना शामिल है।

**जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे जा चुके**

कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) के अध्यक्ष हेनलियानथांग थांगलेट ने कहा कि मंगलवार को कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) द्वारा कांगपोकपी में आयोजित परामर्श बैठक के दौरान तीन शर्तें तय की गईं। थांगलेट ने कहा कि तीन पूर्व-शर्तें हैं "कुकी-जो समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में मेइती समुदाय के लोगों और मेइती समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्रों में कुकी-जो समुदाय के लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया जाए, बातचीत की सुविधा के लिए कम से कम छह महीने की अवधि के लिए एक दूसरे के प्रति शत्रुता बंद की जाए और संघर्षविराम अवधि के दौरान एक सार्थक औपचारिक वार्ता प्रक्रिया शुरू की जाए।" कुकी जो काउंसिल के एक पदाधिकारी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांच अप्रैल को नई दिल्ली में कुकी जो और मेइती समूहों के बीच बैठक बुलाई है। मई 2023 से इंफाल घाटी स्थित बहुसंख्यक मेइती और आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले कुकी-जो जनजातियों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला कैथल न्यायालय परिसर में स्थापित एयरकंडिशनर्स को बदलना + 3 कार्य। | 01.04.2025 10.04.2025 | 2.73 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अंबाला | सैक्टर 5 पंचकूला में राज्य आर्कलॉजिकल म्यूजियम का निर्माण (केवल सवारी लिफ्टों का प्रावधान) + 4 कार्य। | 02.04.2025 08.04.2025 | 209.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज खंड चरखी दादरी | गांव मौडी एमपी में अंबेडकर भवन को पूरा करना + 2 कार्य। | 28.03.2025 04.04.2025 | 23.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज गन्नौर | गांव घसौली ब्लॉक डिवी. सोनीपत के शमशान घाट में बरामदे का निर्माण। | 18.03.2025 07.04.2025 | 6.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव बिरचपुर ब्लॉक मुनक जिला करनाल शिव धाम योजना के तहत हैंड पंप की स्थापना। | 01.04.2025 07.04.2025 | 0.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल हेतु लॉन्ड्री सेवाओं की आपूर्ति के लिए ई निविदा के संबंध में। | 04.04.2025 21.04.2025 | ईएमडी 120000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, मंडी डबवाली | बैंकेट टाइप सीवर क्लीनिंग मशीन द्वारा विभिन्न साइज की सीवर लाइनों से गाध निकालना, सीवर योजना कालांवाली टाउन का वार्षिक रख-रखाव। | 01.04.2025 08.04.2025 | 4.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 8 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस हेतु 1,00,000 अदद पैन ड्राइव की खरीद हेतु 1 वर्ष की अवधि के लिए दर अनुबंध पर निविदा सूचना। | 02.04.2025 16.04.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 78143-30006 kamaldeepips@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/160/33556/I/88/6 दि. 02.04.25



- कश्मीर तक जाने वाली वंदे भारत दुनिया के सबसे ऊंचे पुल से गुजरेगी
- कश्मीर तक ट्रेन का सपना यूएसबीआरएल परियोजना के तहत पूरा हुआ

## कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक ट्रेन का सपना हुआ पूरा

# वंदे भारत से महज तीन घंटे में पहुंचें कश्मीर, एफिल टावर से भी ऊंचे पुल पर दौड़ेगी ट्रेन, 19 को पीएम करेंगे उद्घाटन

वर्तमान में घाटी में श्रीनगर और संगलदान के बीच ट्रेन सेवाएं चलती हैं। संगलदान से कटड़ा तक रेलवे लाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटड़ा तक बढ़ाया जा सकता है

एजेंसी ▶▶ जम्मू

श्री माता वैष्णो देवी (कटड़ा) स्टेशन से श्रीनगर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक ट्रेन का सपना पूरा हो जाएगा। उत्तरी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) प्रोजेक्ट के पूरा होने कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। मौजूदा समय में कटड़ा से श्रीनगर जाने में सड़क मार्ग से 6 से 7 घंटे लगते हैं।

### ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से कटड़ा से शुरू होंगी

*पीएम नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करने के लिए आएंगे। यह ट्रेन जम्मू से कटड़ा जिले के रास्ते श्रीनगर तक की यात्रा करेगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि वंदे भारत के उद्घाटन के लिए ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से कटड़ा से शुरू होंगी, क्योंकि जम्मू रेलवे स्टेशन अभी निर्माणाधीन है। यह कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एक भव्य कार्यक्रम होगा। बता दें, 23 जनवरी 2025 को भारतीय रेलवे ने श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा (एसवीडीके) रेलवे स्टेशन से श्रीनगर रेलवे स्टेशन तक पहली वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया।*

**अभी श्रीनगर और संगलदान के बीच रेल सेवा**


नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटड़ा-श्रीनगर की यात्रा महज 3 घंटे में पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में घाटी में श्रीनगर और संगलदान के बीच ट्रेन सेवाएं चलती हैं। संगलदान से कटड़ा तक रेलवे लाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटड़ा तक बढ़ाया जा सकता है।

### पांच चरण में पूरी हुई परियोजना

हिमांशु शेखर ने बताया कि यूएसबीआरएल परियोजना काजीगुंड-बारामूला खंड वर्ष 2009 में शुरू किया गया था। कश्मीर तक ट्रेन लाने का ख्वाब यूएसबीआरएल परियोजना के तहत पूरा हुआ है। इसके अंतर्गत कश्मीर तक ट्रेन कई चरणों में लाई गई। पहला चरण 18 किलोमीटर लंबा बनिहाल-काजीगुंड खंड वर्ष 2013 में चालू हुआ। दूसरा चरण 25 किलोमीटर लंबा उधमपुर-कटड़ा वर्ष 2014 में, तीसरा चरण बनिहाल से संगलदान वर्ष 2023 में तथा अब संगलदान से कटड़ा खंड चालू होगा।

### नदी तल से 359 मीटर ऊंचे पुल पर से गुजरेगी

इस परियोजना के अंतर्गत इंजीनियरों ने एक ऐसा चमत्कार भी किया, जो वैश्विक पटल पर ऐतिहासिक है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज चिनाव पुल इस परियोजना का मुख्य हिस्सा था। जिसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर है। इसकी मेहराब 467 मीटर है और यह नदी तल से 359 मीटर ऊंचा है। यह पुल एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। यह दुनिया का सबसे ऊंचा मेहराब वाला रेलवे पुल (आर्च ब्रिज) है।



## खबर संक्षेप

### तुर्किये सरकार ने मेटा पर लगाया जुर्माना

**मेनलो पार्क।** मेटा ने कहा है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सामग्री को सीमित करने की तुर्किये सरकार की मांग का विरोध करने पर उस पर भारी जुर्माना लगाया गया है। तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन की सरकार इस्तांबुल के मेयर की गिरफ्तारी के पश्चात व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर विपक्षी आवाजों को सीमित करने का प्रयास कर रही है। इस्तांबुल के मेयर एर्दोआन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। मेटा ने भी एक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की है।

### इजराइल ने की 'द डिप्लोमेट' की स्क्रीनिंग



**येरूशलम।** इजराइल के विदेश मंत्रालय ने नए विदेशी राजनयिक के स्वागत में अपनी किस्म के एक अनूठे कदम के तहत मंगलवार की शाम जॉन अब्राहम अभिनीत फिल्म 'द डिप्लोमैट' की स्क्रीनिंग की। 'द डिप्लोमैट' फिल्म उस वास्तविक संकट पर आधारित है, जिसे सुलझाने में यहां भारत के नए राजदूत जेपी सिंह शामिल थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने मंत्रालय के सभागार में फिल्म की 'स्क्रीनिंग' से पहले सिंह से मुलाकात की।

## यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया रेसिप्रोकल टैरिफ एलान

# मुक्ति दिवस पर गलत कारोबारी प्रथाएं होंगी खत्म, कामगारों के हित में होगी नई व्यवस्था



> व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अधिक टैरिफ लगने से कई बाजारों में अमेरिकी उत्पादों का आयात करना लगभग असंभव हो गया है और इसने पिछले कई दशकों में बहुत से अमेरिकियों को व्यवसाय और रोजगार से बाहर कर दिया है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमेरिका के साथ कारोबार करने वाले देशों पर जवाबी शुल्क (रेसीप्रोकल टैरिफ) की घोषणा की। ट्रंप ने इस दिन को अमेरिकी कारोबार के लिए मुक्ति दिवस का नाम दिया है। इस दौरान अमेरिकी संसद में सभी मंत्रियों व सदस्यों के मौजूद रहे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि बुधवार को अमेरिका में मुक्ति दिवस मनाया गया, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने गर्व से कहा है।



राष्ट्रपति ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की नई व्यवस्था दशकों से हमारे देश को लूटने वाली अनुचित व्यापार प्रथाओं को खत्म करेगी। यह अमेरिकी कामगारों के सर्वोत्तम हित में होगा। लेविट ने कहा, दुर्भाग्य से, ये देश बहुत लंबे समय से हमारे देश को लूट रहे हैं। आप इन पर गौर करें तो अमेरिकी डेयरी पर यूरोपीय संघ 50% (टैरिफ) और अमेरिकी चावल पर जापान 700% टैरिफ लगाता है। भारत भी पीछे नहीं है, वह अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 100% टैरिफ लगाता है। कनाडा भी अमेरिकी मक्खन और पनीर पर लगभग 300% टैरिफ वसूलता है। इससे इन बाजारों में अमेरिकी उत्पादों का आयात करना लगभग असंभव हो गया है और इसने पिछले कई दशकों में बहुत से अमेरिकियों को व्यवसाय और रोजगार से बाहर कर दिया है। इससे पहले ट्रंप कह चुके हैं कि मुझे लगता है कि टैरिफ के साथ हमारे पास बेहतर प्रदर्शन करने का मौका है। यह वास्तव में हमारी निश्चित तरीके से मदद कर सकता है। मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से देश अपने टैरिफ कम कर देंगे, क्योंकि वे वर्षों से अमेरिका पर गलत ढंग से टैरिफ लगा रहे थे। उन्होंने अपनी रणनीति पर विश्वास व्यक्त करते हुए यूरोपीय संघ के हाल में कार टैरिफ को घटाकर 2.5 फीसदी करने को इसकी सफलता का प्रमाण बताया। ट्रंप ने कहा था, जो देश अमेरिका पर जितना टैरिफ लगाएंगे, वे भी उतना ही जवाबी शुल्क लगाएंगे।

### यूटीएसआर का दावा गैर-टैरिफ बाधाएं अभी भी बरकरार

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 2025 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान (एनटीई) रिपोर्ट में दावा किया कि भारत कृषि वस्तुओं, दवा निर्माण और मादक पेय पदार्थों जैसी कई अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च आयात शुल्क के साथ गैर-टैरिफ बाधाएं बरकरार रखी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वनस्पति तेल (45% तक), सेब, मक्का और मोटर साइकिल (50%), ऑटोमोबाइल व फूल (60%), प्राकृतिक रबर (70%), कॉफी, किशमिश और अखरोट (100%) पर काफी ऊंचा शुल्क लगाता है।

### एआई संचालित आपूर्ति श्रृंखला में करें निवेश

वैश्विक कंसल्टेंसी फर्म पीडब्ल्यूसी ने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति के लिए भारतीय व्यवसायों को दीर्घकालिक लचीलापन रणनीति विकसित करने की जरूरत है। आइडिया फ्रेमवर्क व्यापार अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए एक सटीक दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसमें निवेश फ्रेमवर्क के तहत, पीडब्ल्यूसी ने सुझाव दिया कि व्यवसायों को प्रौद्योगिकी उन्नयन और एआई-संचालित आपूर्ति श्रृंखला समाधान के लिए पैसा लगाना चाहिए।

### भारत में कृषि, मशीनरी, रसायन क्षेत्रों पर होगा असर

*अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने से कृषि, बहुमूल्य पत्थर, रसायन, औषधि, चिकित्सकीय उपकरण, इलेक्ट्रिकल व मशीनरी सहित क्षेत्रों के सामान प्रभावित हो सकते हैं। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार इन क्षेत्रों में उच्च शुल्क अंतर के कारण अमेरिकी प्रशासन से अतिरिक्त सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। 'उच्च शुल्क अंतर' किसी उत्पाद पर अमेरिका और भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों के बीच का अंतर है।*

### टैरिफ नियमों के भीतर: भारत

*दूसरी तरफ भारत में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि भारत डब्ल्यूटीओ का सदस्य है और अमेरिकी टैरिफ का दायरा नियमों के भीतर है। उन्होंने कहा कि देश तरजीही मुक्त व्यापार समझौते की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत डब्ल्यूटीओ का सदस्य है और किसी वस्तु पर लागू किए जा सकने वाले उसके अधिकतम टैरिफ से बंधा हुआ है।*


## गृह मंत्री शाह के दौरे से पहले

# गोली वाले बोली पर, कहा हम 'बातचीत' को तैयार



एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ में ताबड़तोड़ एनकाउंटर के बाद नक्सलवादी खौफ में आ गए हैं। नक्सलवाद का सफाया होते देख प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त सीजफायर की मांग की है। नक्सलियों की अपील ऐसे समय में आई है जब दो दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर चार अप्रैल की शाम राजधानी रायपुर आने वाले हैं। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'कागर' नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया।



### सैन्य अभियान बंद होते ही युद्ध विराम

भाकपा (माओवादी) ने कहा है कि जैसे ही सरकार सैन्य अभियान बंद करेगी, वे युद्ध विराम की घोषणा करेंगे। इस दौरान शाह राज्य के प्रमुख नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 5 अप्रैल को शाह बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां वह बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वह एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद भी करेंगे। इस बीच एक दिन पूर्व ही छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एक भी गोली चलाना नहीं चाहती। न ही केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार इस दिशा में हिंसा को बढ़ावा देना चाहती है।

### शांति वार्ता से दबाव का आग्रह

संगठन ने सरकार पर क्रांतिकारी आंदोलनों को दबाने के लिए आदिवासी समुदायों के खिलाफ 'नरसंहार युद्ध' छेड़ने का आरोप लगाया है। साथ ही नागरिक क्षेत्रों में सैन्य बलों के उपयोग को असंवैधानिक बताया जाता है। माओवादियों ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

## इजराइल के रक्षा मंत्री ने की पुष्टि

# गाजा में इजराइल ने सैन्य अभियान का किया विस्तार खान यूनिस पर हमलों में 17 मरे



एजेंसी ▶▶ येरूशलम

रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने बुधवार को कहा कि गाजा पट्टी में इजराइल का सैन्य अभियान विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी क्षेत्र में यह आक्रमण आतंकवादियों और उनके बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए किया जा रहा है। अभियान के तहत बड़े क्षेत्रों पर कब्जा किया जा रहा है, जिन्हें इजराइल के सुरक्षा क्षेत्रों में जोड़ा जाएगा। नासिर अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, खान यूनिस शहर पर रातभर हवाई हमलों में 17 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि हवाई हमलों में मारे गए 12 लोगों के शव नासिर अस्पताल लाए गए। मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। मृतक महिलाओं में एक गर्भवती थी।

### गाजावासी हमास को खदेड़े

कैट्ज ने कहा कि इजराइल की सुरक्षा परिधि उत्तरी और पूर्वी गाजा में सीमा के साथ लगती है और दशकों से देश की रक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इसका उपयोग क्षेत्र के पास रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किया जाता है। रक्षा मंत्री कैट्ज ने गाजावासियों से हमास को खदेड़ने की अपील की, जिसने अभी भी 59 लोगों को बंधक बना रखा है। इन बंधकों में 24 के अभी भी जीवित होने का अनुमान है। हालांकि, शेष बंधकों को युद्धविराम और अन्य समझौतों के तहत रिहा किया जा चुका है। कैट्ज ने बाकी बंधकों को वापस करने को कहा।

### खाद्य संकट पर संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में लंबे समय तक भोजन उपलब्ध होने के इजराइल के दावे को हास्यास्पद बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा में खाद्य संकट बहुत गंभीर है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम को गाजा में अपनी सभी 25 बेकरी बंद करनी पड़ी, क्योंकि उनके पास खाना पकाने के लिए ईंधन की कमी है। दुजारिक ने कहा कि इजराइल ने एक महीने पहले गाजा में सभी क्रॉसिंग बंद कर दी थीं, जिससे मानवीय आपूर्ति बंद हो गई।

### चाफेकर रीकैप आईएससी के कार्यकारी निदेशक बने

**सिंगापुर।** भारतीय तटरक्षक बल के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक विजय डी. चाफेकर को सिंगापुर में समुद्री लुटेरों और सशस्त्र डकैती से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग समझौता (रीकैप) सूचना साझाकरण केंद्र का 7वां कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है। संगठन ने बुधवार को यह जानकारी दी। रीकैप एशिया में पोतों को निशाना बनाने वाले समुद्री लुटेरों और जहाजों के खिलाफ सशस्त्र डकैती के विरुद्ध सहयोग को बढ़ावा देने के मकसद से एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी पहल है।

## चिली के राष्ट्रपति फॉन्ट बोले

# भारत प्राथमिकता वाला साझेदार देश यूएन में स्थायी सदस्यता का समर्थन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट ने बुधवार को भारतीय विश्व मामलों की परिषद आईसीडब्ल्यूए में व्याख्यान देते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। यही नहीं, उन्होंने भारत को प्राथमिकता वाला साझेदार बताया और दक्षिण सहयोग में उसकी भूमिका की सराहना की।

### समझौतों को समयबद्ध रूप से पूरा करेंगे

उन्होंने कहा कि भारत और चिली के सीईपीए समझौते को समयबद्ध रूप से पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। ट्रंप नीति की ओर इशारा करते हुए बोरिक ने एकतरफा टैरिफ को वैश्विक व्यापार के लिए खतरनाक और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए खतरा बताया। भारतीय संस्कृति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि चिली सिर्फ योग की ही नहीं बल्कि भारत की जीवंत परम्पराओं और सभ्यता को समझाने में भी रुचि रखता है।

प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

# रील देखने की लत दिमाग ही नहीं 'खराब' कर रही, आंखों को भी बीमार कर रही

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

चिकित्सक पहले ही एक-दो मिनट की रील (वीडियो) देखने की लत से दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव को लेकर चिंता जता चुके हैं लेकिन अब उन्होंने इसके आंखों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को लेकर चेतावनी दी है। चिकित्सकों का कहना है कि बहुत अधिक समय स्क्रीन पर व्यतीत करने से विशेष तौर पर इंस्टाग्राम, टिकटॉक, फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों पर लगातार रील देखने से सभी आयु समूहों में, खासतौर पर बच्चों और युवाओं में आंखों की समस्या में वृद्धि हो रही है। यह चेतावनी मंगलवार को दिल्ली के यशोभूमि स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आयोजित एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी और ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी की संयुक्त बैठक के दौरान प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञों ने दी।

### आंखों की समस्या में वृद्धि हो रही

### हर 20 मिनट में 20 सेकेंड का ब्रेक लेकर 20 फुट दूर किसी चीज को देखने की सलाह

एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी (एपीएओ) 2025 कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. ललित वर्मा ने बहुत अधिक समय स्क्रीन देखने पर व्यय करने के कारण होने वाली 'साइलेंट एपिडेमिक ऑफ डिजिटल आई स्ट्रेन' (डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से खामोशी से बढ़ती आंखों की बीमारी की महामारी) के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की। उन्होंने कहा, "हम आंखों में खुश्की, निकट दृष्टि दोष, आंखों में दबाव और यहां तक कि शुरुआती दौर में ही भेंगापन के मामलों में तीव्र वृद्धि देख रहे हैं, खासकर उन बच्चों में जो घंटों रील देखते रहते हैं।" डॉ.वर्मा ने कहा कि हाल ही में एक छात्र लगातार आंखों में जलन और धुंधली दृष्टि की शिकायत लेकर हमारे पास आया था। जांच के बाद, हमने पाया कि घर पर लंबे समय तक स्क्रीन पर रील देखने के कारण उसकी आंखों में पर्याप्त नमी नहीं बन रही थी। उसकी आंखों में तुरंत दवा डाली गई और 20-20-20 नियम का पालन करने की सलाह दी गई।

## भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तरकश का पश्चिमी हिंद महासागर में बड़ा एक्शन

# 2500 किलो से ज्यादा का ड्रग्स किया जब्त, चालक दल से पूछताछ जारी

- संदिग्ध जहाजों की निगरानी में अभिन्न नामक हेलिकॉप्टर भी
- नौसेना की विशेष बोर्डिंग टीम और मरीन कमांडोज ने की जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 2500 किलो से ज्यादा नशे का सामान जब्त किया है। यह ऑपरेशन समुद्री अपराधों पर लगाम लगाने और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के किया गया है। गश्त के दौरान, आईएनएस तरकश को भारतीय नौसेना के पी8आई विमान से कई खुफिया अलर्ट मिले, जिसमें क्षेत्र में संचालित संदिग्ध जहाजों के बारे में बताया गया था। ये जहाज मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों में शामिल थे। अलर्ट का जवाब देते हुए, आईएनएस तरकश ने जहाजों को रोकने के लिए अपना रास्ता बदल दिया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सभी संदिग्ध जहाजों से व्यवस्थित रूप से पूछताछ करने के बाद, आईएनएस तरकश ने पी8आई और मुंबई में समुद्री संचालन केंद्र के साथ समन्वित प्रयासों के कारण रोका और उसमें सवार हो गया।



### संदिग्ध जहाज की गहन तलाशी ली

नौसेना की विशेष बोर्डिंग टीम और मरीन कमांडोज ने संदिग्ध जहाज की गहन तलाशी ली। छापेमारी के दौरान, उन्हें कई सीलबंद पैकेट मिले। तलाशी और पूछताछ में जहाज पर अलग-अलग कार्गो होल्ड और डिब्बों में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ (जिसमें 2,386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन शामिल है) बरामद किया गया।

### तस्करी में शामिल होने की मिली थी जानकारी

आईएनएस तरकश जनवरी 2025 से समुद्री सुरक्षा मिशन के तहत पश्चिमी हिंद महासागर में तैनात है। 31 मार्च 2025 को गश्त के दौरान नौसेना के पी8आई गश्ती विमान ने समुद्र में कुछ संदिग्ध वेसल की जानकारी दी। ये बोट्स नशे की तस्करी में शामिल थीं। आईएनएस तरकश ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन वेसल की ओर बढ़ना शुरू किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25